दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



जापान में फैंस .......

शादी के चार दिन बाद .......

वर्ष : 11 अंक : 349 लखनऊ, 09 दिसम्बर, मंगलवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

संसद में वंदे मातरम पर तीखी बहस राजनाथ बोले

# जन-गण-मन व वंदे मातरम मां भारती की दो आंखें, इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई और जिन्ना के चश्मे से भी देखा गया

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'कुछ लोग यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर सकते हैं कि जन-गण-मन और वंदे मातरम के बीच एक दीवार खड़ी की जा रही है। ऐसा नैरेटिव बनाने का प्रयास विभाजनकारी सोच है। जनता को सब जानना चाहिए




राष्ट्रगीत के साथ अन्याय किया गया, इसे दबाया गया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर सकते हैं कि जन-गण-मण और वंदे मातरम के बीच एक दीवार खड़ी की जा रही है। ऐसा नैरेटिव बनाने का प्रयास विभाजनकारी सोच है. जो लोग यह बात नहीं समझते है वह मां की ममता को भी नहीं समझ सकते. राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जन-गण-मन और वंदे मातरम मां भारती की दो आंखें है। मां भारती के दो अमर सपूतों की किलकारियां हैं। वंदे मातरम का उदघोष किसी के खिलाफ नहीं है,बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। सिंह ने कहा वंदे मातरम के साथ जो न्याय होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। जन-गण-मण राष्ट्रीय भावना में बसी, लेकिन वंदे मातरम को दबाया गया। वंदे मातरम के साथ हुए अन्याय के बारे में हर किसी को जानना चाहिए। वंदे मातरम के साथ इतिहास का एक बड़ा छल हुआ। इस अन्याय के बावजूद वंदे मातरम का महत्व कभी कम नहीं हो पाया। वंदे मातरम स्वयं में पूर्ण है, लेकिन इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई। इसके साथ जो अन्याय हुआ, उसे जानना जरूरी है. क्योंकि देश की भावी पीढ़ी वंदे मातरम के साथ अन्याय करने वालों की मंशा जान सके।

### इसने ब्रिटिश साम्राज्य को झुकाया

सिंह ने कहा कि वंदे मातरम इतिहास और वर्तमान से जुड़ा हुआ है। वंदे मातरम ने देश को जगाया है। ये सिर्फ बंगाल के चुनाव से नहीं जुड़ा है। वंदे मातरम ने ब्रिटिश साम्राज्य को झुकाया है।

### ब्रिटिश हुकूमत लोगों के मानस से वंदे मातरम को नहीं निकाल सकी


संसद में वंदे मातरम पर बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

राजनाथ ने कहा कि बंगाल विभाजन के खिलाफ हुए आंदोलन के दौरान वंदे मातरम की गूंज जनमानस में बैठी। ब्रिटिश हुकुमत ने इसके खिलाफ एक सर्कुलर जारी किया, लेकिन फिर भी ब्रिटिश हुकूमत लोगों के मानस से वंदे मातरम को नहीं निकाल सकी। 1906 में जब पहली बार भारत का पहला झंडा बनाया गया, तब उसके मध्य में वंदे मातरम लिखा था। वंदे मातरम नाम से अखबार भी था।

### जन गण मन और वंदे मातरम मां भारती के दो सपूतों की किलकारियां

सिंह ने कहा कि मां अपने बच्चों में कोई भेदभाव नहीं करती। जन गण मन और वंदे मातरम भारत माता के दो सपूतों की किलकारियां हैं। उन्होंने बताया कि ये दोनों गीत न केवल देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक हैं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में भी लोगों को एकजुट करने का काम करते रहे। ये भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय भावना की आत्मा हैं, जो हर भारतीय के दिल में गर्व और प्रेम की भावना जगाते हैं।

इन्होंने भी कहा

### जिन्ना को इससे नफरत थी और पंडित नेहरू झुक गए थे : रविशंकर



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा में संबोधन पर कहा कि आज भारत की संसद में एक बहुत ऐतिहासिक बहस हुई है। वंदे मातरमम की विरासत को प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत विस्तार से बताया है। पूरे देश को यह सीखने और समझने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि पावन राष्ट्रभक्ति के भाव के इस गीत को इसलिए तोड़ा गया क्योंकि मोहम्मद अली जिन्ना को इससे नफरत थी और पंडित नेहरू झुक गए थे।

राहुल के नदारद रहने पर उठे सवाल

### मुस्लिम लीग के आगे समर्पण किया



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अहम चर्चा के वक्त सदन में मौजूद नहीं थे, क्योंकि उनके मन में अपराधबोध है। प्रधानमंत्री ने भी कांग्रेस के रुख पर कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया और मुस्लिम लीग के आगे समर्पण किया।

विपक्ष से बोले गोगोई

### कांग्रेस ने वंदे मातरम को उसकी अहमियत दी



सदन में कांग्रेस के डिप्टी लीडर गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह आदत है कि जब भी वह किसी मुद्दे पर बोलते हैं तो भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू और कांग्रेस का जिक्र करते रहते हैं।ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान उन्होंने नेहरू का नाम 14 बार और कांग्रेस का नाम 50 बार लिया। जब संविधान की 75वीं सालगिरह पर चर्चा हुई, तो नेहरू का नाम 10 बार और कांग्रेस का नाम 26 बार लिया गया। गोगोई ने कहा कि अगर किसी राजनीतिक पार्टी ने वंदे मातरम को वह अहमियत दी जिसका वह हकदार था, तो वह कांग्रेस थी। उनकी पार्टी ने यह पक्का किया कि इसे सिर्फ एक राजनीतिक नारे के तौर पर न देखा जाए।

### यह सिर्फ गाने के लिए नहीं, निभाने के लिए



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने वंदे मातरम ने देश को एक किया और आजादी की लड़ाई में जान डाली। सत्ता पक्ष हर चीज पर कब्जा करना चाहता है। यादव ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं है, बल्कि इसका पालन करने के लिए है।

### ठाकरे कहते थे- देश में रहना है तोः बरने

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के सांसद बरने ने बालासाहेब ठाकरे के बयान से अपने वक्तव्य की शुरुआत की। बकौल बरने, 'बालासाहेब कहते थे, अगर इस देश में रहना है तो वंदे मातरम कहना होगा। बाला साहेब ठाकरे गर्व से कहते थे हम हिंदू हैं, इस पर भी हमें गर्व है।

अनुराग ने भी विपक्ष को घेरा

## 'वंदे मातरम सिर्फ गीत नहीं, राष्ट्रीय प्रेम की रीत है, इसलिए कांग्रेस इससे भयभीत है



हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आज की चर्चा ऐतिहासिक दस्तावेज की तरह बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि ये कोई धार्मिक गीत नहीं, ये राष्ट्र की आत्मा और भारत के गौरव का गीत है। ये देश की संस्कृति और विरासत का प्रतीक है।

### कांग्रेस के अधिवेशन में यह इस्लाम विरोधी नहीं था तो अब कैसे हो गया?

वंदे मातरम के काटे गए हिस्सों और इसके इतिहास का जिक्र करते हुए ठाकुर ने कहा कि यह उतना ही पवित्र है, जितना, गीता, बाइबल और कुरान है।

ठाकर ने कहा, अगर 1896 में कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में वंदे मातरम इस्लाम विरोधी नहीं था तो बाद में यह कैसे हो गया?

### जिन्ना के मुन्ना को भी वंदे मातरम से दिक्कत?

ठाकुर ने कहा है कि वंदे मातरम राष्ट्र भक्तों के लिए ऊर्जा का स्त्रोत है, लेकिन कुछ लोगों को इससे एलर्जी है। मैं 150 वीं जयंती पर इतना ही कहूंगा, कि अंग्रेजों को वंदे मातरम से दिक्कत थी, जिन्ना को वंदे मातरम्म से दिक्कत थी, जिन्ना के मुन्ना को भी इससे दिक्कत है? इसकी कुछ पंक्तियों को क्यों हटाया गया?

### शरद पवार की पार्टी के सांसद ने क्रांतिकारियों को याद किया

सांसद मुरलीधर एनसीपी (शरद पवार) गुट के सांसद ने मराठी भाषा में कहा कि आजादी के आंदोलन में इसका योगदान कभी न भूलने वाला है। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ देशवासियों को एकजुट करने में इसने बड़ी भूमिका निभाई है।

---

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

---

पर्यावरण अनदेखी पर हुई राज्यसभा में चिंता

### माकन ने उठाया अरावली पर्वत का मामला, रंजीत रंजन ने भी विरोध किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राज्यसभा में सोमवार को अरावली पर्वतमाला को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। कांग्रेस सांसद अजय माकन ने केंद्र द्वारा 20 नवंबर को स्वीकार की गई नई परिभाषा को 'आपदा' करार देते हुए कहा कि यह उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत को 'धूल का कटोरा' बनने की ओर धकेल सकती है। माकन ने बताया कि अरावली पर्वत 2.5 अरब वर्ष पुराने हैं और इनका भू-आकृतिक महत्व अत्यंत विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित 100 मीटर की शब्दावली, जिसके तहत किसी भी पहाड़ी को अरावली का हिस्सा तभी माना जाएगा जब वह अपने स्थानीय धरातल से 100 मीटर या अधिक ऊंची हो, वास्तविकता से मेल नहीं खाती। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस मापदंड को लागू करने से राजस्थान की 99 फीसदी अरावली पहाड़ियां परिभाषा से बाहर हो जाएंगी,

---

सुप्रीम कोर्ट ने सामान्य भविष्य निधि पर सुनाया अहम फैसला

# दिवंगत कर्मचारी की जीपीएफ राशि पत्नी-मां में बराबर बांटी जाए, पूर्व का नामांकन 'अमान्य'

भले ही पति की मां को नामित किया गया हो, परिवार को परिभाषित किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला की याचिका स्वीकार कर ली। महिला ने कहा कि उसके दिवंगत पति की नौकरी के दौरान जमा हुई सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की रकम उसे मिलनी चाहिए, भले ही पति की मां को ही नामित किया गया हो। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जब कोई कर्मचारी परिवार बनाता है (जैसे शादी हो जाती है), तो पहले भरा गया नामांकन फॉर्म अपने-आप मान्य नहीं रहता। अगर कर्मचारी ने परिवार बनने से पहले किसी को नामित किया था, तो वह नामांकन बाद में वैध नहीं माना जाता।

ऐसी स्थिति में रकम परिवार के सभी पात्र सदस्यों में बराबर हिस्से में बांटी जानी चाहिए।पीठ ने कहा कि हालांकि, दिवंगत कर्मचारी ने अपनी मां को नामित किया था, लेकिन नामांकन फॉर्म में मौजूद शर्तों के अनुसार कर्मचारी की मृत्यु के समय वह नामांकन मान्य नहीं रह गया।अदालत ने यह भी साफ कहा कि जीपीएफ का नामांकन फॉर्म या उसमें भरा गया कोई भी हिस्सा, मां को पत्नी से ज्यादा अधिकार नहीं देता।

शादी के बाद भरा गया फॉर्म मान्य नहीं हो सकता

अदालत ने यह भी कहा- मां को पत्नी से ज्यादा अधिकार नहीं



### नामांकन अमान्य तो सभी सदस्यों में वितरण होना चाहिए

पति ने 2003 में अपनी पत्नी (याचिकाकर्ता) से शादी की। शादी के बाद उसने कई अन्य नौकरी से जुड़ी सुविधाओं में पत्नी को ही लाभ लेने वाला (नॉमिनी) बनाया, लेकिन जीपीएफ वाले नामांकन में बदलाव नहीं किया और वह पहले जैसा ही बना रहा। शीर्ष अदालत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रासंगिक नियम वास्तव में यह प्रावधान करते हैं कि जब कोई नामांकन अमान्य हो जाता है, तो राशि सभी पात्र सदस्यों के बीच वितरित की जानी चाहिए।

### उन्होंने नामांकन बदलने की कोई कोशिश नहीं की

अगर नामांकन अमान्य हो जाए, तो जीपीएफ की रकम परिवार के सभी पात्र सदस्यों में बांटी जाती है। पति के पास 2003 में शादी होने से लेकर 2021तक नामांकन बदलने का पूरा मौका था, पर नहीं किया।

### पत्नी आधी रकम पहले ही प्राप्त कर चुकी

कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं होती कि वे नामांकन बदलने या रद्द करने के लिए याद दिलाएं। यह कर्मचारी का अपना कर्तव्य है। नियमों में साफ बताया गया है कि उसके बाद परिवार के जीवित सदस्यों में पैसा कैसे बांटा जाएगा। कोर्ट ने कहा कि पत्नी को आधी रकम पहले ही मिल चुकी है।

बॉम्बे हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

## कार में बैठकर वकालत नहीं हो सकती, वकीलों के लिए क्यूबिकल का आदेश दिया

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि कोर्ट परिसरों में वकीलों के लिए ऐसे क्यूबिकल उपलब्ध कराए जाएं, जहां से वे आराम से वर्चुअल सुनवाई में शामिल हो सकें। कोर्ट ने ये बात तब कही जब उसे पता चला कि कई वकील मजबूरी में अपनी कारों में बैठकर ही ऑनलाइन सुनवाई में जुड़ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश श्रीचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए. अखंड की पीठ राज्य में चल रही स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पूरे महाराष्ट्र से 100 से ज्यादा याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश की बेंच पर भेजी गई हैं ताकि अलग-अलग आदेश न निकलें। इसलिए अलग-अलग जिलों के वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बहस कर रहे हैं।



### कार में बैठकर कोर्ट को एड्रेस नहीं कर सकते

एक वकील कार में बैठकर ऑनलाइन पेश हुए, इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ये कार में बैठा कौन है? आप लॉग ऑफ करिए। इस पर वकील ने तुरंत कनेक्शन बंद कर दिया, लेकिन कुछ देर बाद नागपुर की एक वकील भी कार में बैठकर ऑनलाइन जुड़ीं। तब पीठ ने फिर कहा आप कार में बैठकर कोर्ट को संबोधित नहीं कर सकतीं।

### क्या वकीलों के लिए क्यूबिकल नहीं है?

पीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या वकीलों के लिए ऑनलाइन पेश होने का कोई क्यूबिकल नहीं है? कोई जगह होनी चाहिए। आमतौर पर बार असोसिएशन यह सुविधा देता है. कुछ क्यूबिकल होने चाहिए। राज्य की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी वकील नेहा भिड़े ने बताया कि मुंबई में अलग से जगह नहीं है।

---

पंजाब की राजनीति में हलचल तेज

## नवजोत कौर कांग्रेस से निलंबित '500 करोड़' बयान पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस ने सोमवार को पंजाब की पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई उनके उस विवादित बयान के बाद हुई, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि पंजाब में मुख्यमंत्री बनने के लिए '500 करोड़ रुपए की अटैची' देनी पड़ती है। उन्होंने दो दिन पहले कहा था कि नवजोत सिद्धू को अगर कांग्रेस पंजाब में सीएम का चेहरा घोषित करती है तो पार्टी में एक्टिव होकर काम करेंगे। उन्होंने ये भी जोड़ दिया कि हमारे पास मुख्यमंत्री पद के लिए पांच सौ करोड़ हम दे सकें, मामला यहीं बिगड़ गया।

पार्टी ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए सख्त कदम उठाया है। निलंबन की जानकारी पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र में दी गई, जिसमें कहा गया है कि नवजोत कौर का बयान पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है और तथ्यहीन आरोप संगठनात्मक अनुशासन के खिलाफ हैं। नवजोत सिद्धू भाजपा से कांग्रेस में आए थे। इनके दबाव में कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे नेता कांग्रेस से भाजपा में गए। सिद्धू कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के करीबी माने जाते रहे हैं। पार्टी ने भी किसी चुनाव में उनका उपयोग नहीं किया। वे लगातार अपने टीवी शो के शूटिंग में व्यस्त होते गए। इस बीच उनकी पत्नी ने विवादित बयान देकर प्रदेश की राजनीति में तब उफान ला दिया है।

### क्या कहा था नवजोत कौर सिद्धू ने?

कुछ दिन पहले मीडिया से बातचीत में नवजोत कौर ने कहा था कि हमारे पास 500 करोड़ रुपए नहीं हैं कि किसी को दे दें और मुख्यमंत्री बना दें। लेकिन जो अटैची दे देता है, वही सीएम बन जाता है। उनके इस बयान के बाद पार्टी में राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया।

### राजनीतिक प्रतिक्रिया

बयान सामने आते ही विपक्षी दलों भाजपा और आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर तीखे हमले किए। दोनों दलों ने इसे 'कांग्रेस में संस्थागत भ्रष्टाचार की स्वीकारोक्ति' बताते हुए पार्टी पर सवाल उठाए। कांग्रेस के भीतर भी इस टिप्पणी को लेकर नाराज़गी देखी गई।

### नवजोत कौर की सफाई

निलंबन के बाद नवजोत कौर सिद्धू ने कहा कि उनके शब्दों को तोड़ा-मरोड़ा गया। उनका मकसद पार्टी नेतृत्व पर आरोप लगाना नहीं था, बल्कि वे 'राजनीति में धनबल की बढ़ती प्रवृत्ति' को लेकर चिंता जता रही थीं।

### पंजाब कांग्रेस पर असर

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस विवाद ने एक बार फिर यह संकेत दिया है कि पंजाब कांग्रेस अंदरूनी मतभेदों से जूझ रही है। सिद्धू दंपती और प्रदेश नेतृत्व के बीच पहले से मौजूद तनाव इस कार्रवाई के बाद और बढ़ सकता है। यह मुद्दा कांग्रेस के लिए चुनौती बन सकता है।

# भाजपा राष्ट्रविवादी पार्टी है : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राष्ट्रवादी नहीं राष्ट्रविवादी पार्टी है। देश में जहां विवाद करना होता है वहां भाजपा के लोग सबसे आगे रहते हैं। भाजपा फूट डालो राज करो नीति पर चलती है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गाने से ज्यादा निभाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ गाने के लिए नहीं है निभाने के लिए होना चाहिए। पीछे मुड़कर देखना चाहिए कि कितना निभाया जा रहा है। वंदे मातरम ने आजादी के आंदोलन में सबको जोड़ा लेकिन आज के दरारवादी लोग उसी के देश को तोड़ना चाहते है। ऐसे लोगों ने पहले भी देश के साथ दगा किया आज भी दगा कर रहे हैं। वंदे मातरम गीत के 150वर्ष पूरे होने पर संसद में हुई चर्चा में भाग लेते हुए सोमवार को अखिलेश यादव ने कहा कि जब कोलकाता के कांग्रेस के अधिवेशन में गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने पहली बार वंदे मातरम गीत गया, उसके बाद वंदे मातरम की लोकप्रियता आम लोगों में पहुंच गयी। जब क्रांतिकारियों को अंग्रेजों से लड़ना होता था तब वंदे मातरम का नारा देकर लोगों को जोड़ने का काम करते थे। स्वतंत्रता आन्दोलन हो या स्वदेशी आंदोलन। क्रांतिकारी इसी नारे को लेकर आगे चले। वंदे मातरम के माध्यम से देश एकजुट हुआ।

अंग्रेज घबरा गये। अंग्रेज जहां कहीं वंदे मातरम का नारा सुनते और देखते थे वे क्रांतिकारियों पर देशद्रोह का मुकदमा लगा देते थे। जेल भेज देते थे। बंगाल में बच्चों ने जब क्लास रूम में वंदे मातरम का गीत गया तब अंग्रेजों ने उन पर देशद्रोह का मुकदमा लगा कर जेल भेज दिया। अंग्रेजों ने 1905 से लेकर 1908 तक बैन भी कर दिया था। बैन के बाद भी हमारे क्रांतिकारी नहीं माने वंदे मातरम को अपने दिल और दिमाग में रखा। जनता के बीच इस आंदोलन को आगे बढ़ाते रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि आज सत्ता पक्ष हर चीज को अपना दिखाना चाहता है। इस महान गीत को बंकिम चंद चट्टोपाध्याय ने लिखा था। लेकिन देखा जा रहा है जो महान पुरुष और जो चीज सत्ता पक्ष की नहीं है वह उसे अपनाना चाहती है।

जब भाजपा का गठन हो रहा था उस समय बीजेपी के चुने गए अध्यक्ष के भाषण पर चर्चा हो रही थी। चर्चा इस बात की थी कि भाजपा सेकुलर और सोशलिस्ट रास्ते पर जायेगी कि नहीं जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को तमाम विरोध के बावजूद समाजवादी आंदोलन, समाजवादी विचारधारा और सेकुलर रास्ता अपनाना पड़ा। यही नही भाजपा ने मंच पर जयप्रकाश की तस्वीर लगाकर भ्रम फैलाने की कोशिश की कि वह जेपी के रास्ते पर चलेगी। आज सरकार के मंत्री बताएं की वे कितने सेक्युलर और सोशलिस्ट हैं?

# संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाये : श्रवण कुमार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक मे प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार कैबिनेट मंत्री ग्रामीण विकास एवं परिवहन बिहार सरकार के लखनऊ आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

- **प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत करते हुए कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार की अभूतपूर्व सफलता ने देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है, जिसमें श्रवण कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मंत्री आठ बार विधायक रहे। उत्तर प्रदेश का प्रभार संभालने से उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं में जोश एवं उत्साह



भरने का काम किया है।

श्रवण कुमार ने सदस्यता अभियान का शुरुआत किया और समीक्षा बैठक करके सभी को सदस्यता अभियान को अपरिहार्य बताते हुए कहा की बिहार की जीत में सदस्यता अभियान की मुख्य भूमिका रही है। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के बलरामपुर, फतेहपुर और गोंडा जिलों में हुए आपराधिक घटनाओं के लिए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी जोकि जांच कर सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी ताकि अपराधियों के साथ सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनावों के लिए कमर कसने को कहा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक एवं संजय पटेल ने किया।

# दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करे : श्याम लाल पाल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए मांग की है कि मऊ में घोसी विधान सभा में मतदेय स्थलों में 2003 की मतदाता सूची बदल कर 7 दिसम्बर को बीएलओ को दूसरी मतदाता सूची दिये जाने की घोर लापरवाही की जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मऊ, घोसी विधान सभा में 2003 की मतदाता सूची में मतदेय स्थल संख्या- 75 में 488 मतदाताओं के नाम दर्ज होने की मतदाता सूची बीएलओ को उपलब्ध कराई गयी थी, दिनांक 07 दिसम्बर 2025 को 2003 की मतदाता सूची में मतदेय स्थल संख्या- 75 में

- **सपा प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपकर सूची बदल कर बीएलओ को दूसरी मतदाता सूची दिये जाने की जांच कराने की उठायी मांग**

1318 मतदाता दर्ज होने की मतदाता सूची बी.एल.ओ. को दी गयी और बी.एल.ओ. से दो दिन में सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरवाने तथा गणना प्रपत्रों को बीएलओ ऐप में अपलोड करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा दबाव बनाया जा रहा है तथा 830 मतदाताओं को भी गणना प्रपत्र भरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बिजली, पानी और उपज को मिल रहा बाजार, संपन्न हो रहे किसान

अमन लेखनी समाचार

**शामली।** कृषि चौपाल का छठवां पड़ाव सोमवार को बुच्चाखेड़ी गांव में रहा। इसमें आसपास के गांवों के लगभग 450 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। यहां कृषि चौपाल में गन्ना किसानों ने जीवन में आए सकारात्मक

- **शामली के बुच्चाखेड़ी गांव में लगी चौपाल, 450 किसानों ने लिया हिस्सा**
- **निवेश की दृष्टि से उद्यमियों की पहली पसंद बना उत्तर प्रदेश**

बदलाव का जिक्र कर इसका श्रेय योगी आदित्यनाथ सरकार को देते हुए उनके कार्यों को सराहा। किसानों ने गन्ना मूल्य में 30 रुपये की वृद्धि के लिए भी योगी सरकार का आभार जताया और कहा कि बिजली, पानी और उपज को बाजार उपलब्ध कराकर किसानों को संपन्न किया जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी फसल बिक्री कर रहे हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर ही भुगतान भी किया जा रहा है। योगी सरकार किसानों को सुरक्षा, सुविधा और संसाधन उपलब्ध करा रही है। योगी सरकार ने अपने कार्यों से यूपी की परिभाषा बदल दी है। सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी हर क्षेत्र में अब सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जाना जा रहा है।

किसानों ने कहा कि पहले किसान सरकार की प्राथमिकता में नहीं होते थे। किसान और उनकी फसल का कोई हाल लेने वाला नहीं था, लेकिन 2017 में सत्ता में आने के बाद ही योगी सरकार ने किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण माफ किया। केंद्र सरकार की योजनाओं का पारदर्शिता से क्रियान्वयन कराया और किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं बनाईं। इसका लाभ मिलने से किसान खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। किसान मास्टर गुलाब ने कहा कि योगी सरकार पिछली सरकारों की तरह भेदभाव नहीं करती। अब यूपी के सभी 75 जनपदों में समान रूप से बिजली उपलब्ध कराई जाती है। इस कारण खेती करने वाले किसानों को काफी सहूलियत मिल रही है। कभी किसान आत्महत्या करते थे, लेकिन सरकार के प्रोत्साहन के कारण खेती



फायदे का सौदा हो गया है। किसान बेखौफ होकर खेती करते हैं और उनकी फसल भी अब सुरक्षित रहती है। किसान सादिक हसन ने कहा कि 2017 के पहले घरों से मवेशी खोल लिए जाते थे। किसान खेत व मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी परेशान रहता था। शाम के समय महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल होता था। सरेआम सड़कों पर लूटपाट होती थी, लेकिन पश्चिम उत्तर प्रदेश हो या प्रदेश का कोई भी कोना, अब रात 12 बजे भी लोग कहीं आ जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश में अब अपराधी डरते हैं और आम नागरिक बेफिक्र होकर देर रात भी कहीं आ जा सकते हैं। शाहिद चौधरी ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का ह्यसम्मानह्ण है। योगी सरकार ने गन्ने के दाम में 30 रुपये की बढ़ोतरी कर किसानों का सम्मान और बढ़ाया है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के उपरांत किसानों के संसाधन और सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। हर जनपद में सड़कों का बेहतरीन जाल बिछा है। आवागमन सुगम हुआ है। किसानों की उपज को बाजार मिला है। योगी जी धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने किसानों के विकास और समृद्धि के लिए अथक प्रयास जारी रखा है। कृषि चौपाल में किसान गोवर्धन चौहान, मुनव्वर चौहान, तोप सिंह, डॉ. अजय, अंकुर शर्मा, मास्टर धर्मपाल, वीरेंद्र चेयरमैन, राधा, संजय, नाथी, पंकज, मुकेश शर्मा, दीपक पवार, राशिद चौहान, सर्वेश्वर शर्मा, मास्टर गुलाब, अंकुर आदि मौजूद रहे। योगी सरकार ने बड़ा तोहफा देते हुए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की। योगी सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 में गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 370 से बढ़ाकर 400 रुपये और सामान्य प्रजाति का 360 रुपये से 390 रुपये प्रति क्विंटल किया। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान हो रहा है। योगी सरकार के कार्यकाल में चौथी बार गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। 1 से 11 दिसंबर तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के चार जनपदों में कृषि चौपाल का आयोजन हो रहा है। बागपत, हापुड़ और शामली में कृषि चौपाल लग चुकी है। अब बुधवार से मुजफ्फरनगर में किसान संवाद करेंगे। 10 दिसंबर को यहियापुर व 11 दिसंबर को दाहोद गांव में कृषि चौपाल लगाई जाएगी।

# प्रयागराज माघ मेले की प्रकाश व्यवस्था में भी मिलेगी नव्यता की झलक : कटियार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रयागराज में माघ मेले में त्रिवेणी के तट पर आस्था का जन समागम एकत्र होगा। योगी सरकार की तरफ से इस आयोजन को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए माघ मेला क्षेत्र से जुड़े शहर के उन मार्गों और गलियों को भी आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है जहां से होकर पर्यटक और श्रद्धालु माघ मेला पहुंचेंगे। इसी क्रम में शहर की हर मुख्य मार्ग और संपर्क मार्ग को रोशनी से भरने की तैयारी है। नगर निगम यह जिम्मेदारी उठा रहा है। सड़क किनारे के वृक्षों को रोशनी के माध्यम से नया स्वरूप दिया गया है।

प्रयागराज में 3 जनवरी से लगने जा रहे आस्था के महा जन समागम माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारियों में जुटे हैं। मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर आगंतुकों के गुजरने वाले मार्गों को सजाने संवारने की कवायद भी चल रही है। नगर निगम प्रयागराज के यांत्रिक विभाग के चीफ इंजीनियर (विद्युत) डॉ संजय कटियार बताते हैं कि माघ मेले में आने वाले पर्यटकों के स्वागत

- **रास्ते रोशन करेगी नियॉन और स्पाइरल लाइट्स, 260 वृक्षों में दिखेगा दोनों का संयोजन**
- **150 करोड़ रुपये के बजट से नगर निगम शहर के मुख्य मार्ग और गलियों को कर रहा है रोशन**

के लिए की संगम नगरी की सड़कों के साथ उनके दोनों ओर की प्रकाश व्यवस्था को भी भव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

शहर में सड़क किनारे लगे वृक्षों का नया लुक देने के लिए नियॉन और स्पाइरल लाइट की संयोजित प्रकाश व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के 260 वृक्षों के तनों, शाखाओं और पत्तियों में अलग अलग थीम की रोशनी लगाई गई है। इनमें नियॉन और स्पाइरल लाइट्स को इस तरह संयोजित किया गया है जिसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कैसे रात के अंधेरे में पूरा वृक्ष आलोकित हो गया है। प्रयागराज एयरपोर्ट से लेकर संगम तक जाने वाले पर्यटक और श्रद्धालु इस भव्य प्रकाश व्यवस्था का अवलोकन कर सकेंगे। शहर की 23 सड़कों, 06 आरओबी और 02 फ्लाईओवर में शंख, चक्र, गदा, त्रिशूल, तलवार आदि के आकार के मोटिव्स भी श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी तरफ खींचेंगे। महाकुंभ में की गई इस व्यवस्था को माघ मेले के आयोजन में भी धरातल में उतारा जा रहा है। माघ मेला क्षेत्र के अलावा शहर के सभी वार्डों की हर गली और प्रमुख मार्ग में प्रकाश की बेहतर व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# एसीपी ने पीजीआई थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया, शस्त्र रखरखाव पर दिए कड़े निर्देश

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। सहायक पुलिस आयुक्त (गोसाईंगंज) ऋषभ यादव ने सोमवार को थाना पीजीआई का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीपी ने महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, हवालात समेत सभी अभिलेखों की बारीकी से जांच की।

शस्त्र निरीक्षण के दौरान एक उपनिरीक्षक पिस्टल को खोलने में थोड़ी देर तक असमर्थ रहे, जिसके बाद इंस्पेक्टर पीजीआई ने आगे बढ़कर प्रक्रिया पूरी कराई। इस पर एसीपी ने शस्त्रों के नियमित प्रशिक्षण व अपडेटेड रखरखाव की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने शस्त्रागार में रखे सभी हथियारों का रिकॉर्ड, मेंटेनेंस रजिस्टर और उनकी उपयोगिता से




संबंधित प्रशिक्षण को समयबद्ध ढंग से अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही थाने के अन्य प्रकोष्ठों की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर भी स्पष्ट निर्देश दिए।

# एसीपी ने जनसंपर्क चौपाल लगाकर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के सहिजनपुर गांव में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णानगर रजनीश वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को एक जनसम्पर्क चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, साइबर जागरूकता और स्थानीय समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में एसीपी रजनीश वर्मा ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों, घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो कानून और त्वरित सहायता हेल्पलाइन 1090 व 112 के उपयोग पर ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों के प्रोफाइल को प्राइवेट रखने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, अनजान



लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट न स्वीकारने और संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह दी। साथ ही ऑनलाइन बुकिंग या गलत चैट की स्थिति में तत्काल माता-पिता और पुलिस को अवगत कराने को कहा। उन्होंने कार्यक्रम में साइबर अपराध से बचाव पर भी लोगों को जानकारी दी। साथ ही डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कस्टमर केयर, बैंकिंग धोखाधड़ी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी और ओटीपी फ्रॉड जैसे मामलों से बचने के उपाय बताए। एसीपी ने किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की अपील की। इसके साथ ही भूमि विवादों के समाधान के लिए थाना समाधान दिवस की प्रक्रिया समझाते हुए ग्रामीणों से समस्याएं लिखित में देने की अपील की। उन्होने यातायात नियमों के पालन, हेलमेट-सीट बेल्ट की अनिवार्यता और ओवरस्पीडिंग से बचाव पर भी बताया। चौपाल में सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचाव के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह, हरौनी चौकी प्रभारी श्याम जी मिश्रा, उपनिरीक्षक अरविंद यादव समेत सहिजनपुर और नारायणपुर के ग्रामीण मौजूद रहे।

# अब टिश्यू कल्चर लैब में तैयार होगा 15.90 लाख बीज गन्ना, विभाग ने तय किया टारगेट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गन्ना किसानों को रोग रोधी बीज उपलब्ध कराने के लिए गन्ना विकास विभाग प्रदेश में स्थापित ऊतक संवर्धन प्रयोगशालाओं (टिश्यू कल्चर लैब) की पूरी क्षमता का उपयोग करने की रणनीति पर काम कर रहा है। विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में 15.90 लाख बीज गन्ना के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसे मिलों को उनकी क्षमता के अनुसार आवंटित किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में बिजनौर की स्नेह रोड चीनी मिल, मेरठ की मवाना व दौराला चीनी मिल, लखीमपुर की बेलरायां चीनी मिल, बरेली की बहेड़ी चीनी मिल, आजमगढ़ की सठियांव चीनी मिल, बाराबंकी की हैदरगढ़ चीनी मिल, सीतापुर की हरगांव चीनी मिल, बरेली की मीरगंज चीनी मिल, हरदोई की लोनी चीनी मिल और गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर में भी टिश्यू कल्चर



लैब स्थापित हैं। मीरगंज चीनी मिल में बीज उत्पादन फिलहाल बंद है।

## हर लैब अपनी क्षमता के बराबर उत्पादन करेगा

शेष के लिए किसानों को कम समय में उन्नत प्रजाति के बीज गन्ने की उपलब्धता कराने को यह लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत हर लैब अपनी क्षमता के बराबर उत्पादन करेगा। टिश्यू कल्चर से तैयार मूल गन्ना बीज के सहारे दीर्घकालीन उच्च उत्पादकता बनाए रखने में मदद मिलेगी। टिश्यू कल्चर तकनीक से तैयार बीज गन्ना, सामान्य विधि से तैयार होने वाले बीज गन्ना के मुकाबले शुद्धता, संवर्धन और गुणवत्ता में ज्यादा बेहतर होता है। विभाग के अनुसार वर्तमान में इन लैब के माध्यम से 3,94,500 बीज गन्ना का उत्पादन किया जा चुका है। विभाग द्वारा उत्पादन के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था की है।

# चमगादड़ों की तस्करी करने वाले दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र में वन्यजीव अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दरोगा चक्की चौराहा पर सोमवार को चेकिंग के दौरान दो शातिर तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 22 दुर्लभ एवं संरक्षित बरनबट चमगादड़, शिकारी जिनके पास से जाल, रेजर आरी, रस्सी तथा एक स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई। पुलिस ने बरामद सामग्री को वन विभाग टीम के सुपुर्द कर दिया और आरोपियों को जेल भेज दिया है।

चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों का व्यवहार संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उन्हें रोका। तलाशी में उनकी पीली बोरी से बड़ी संख्या में



पुलिस की गिरफ्त में दो तस्कर

चमगादड़ मिलने पर पुलिसकर्मियों के भी होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार बरामद चमगादड़ वन्यजीव संरक्षण अधिनियमझ्र1972 की संरक्षित श्रेणी में आते हैं, जिनका शिकार और व्यापार कानूनन गंभीर अपराध है। रहीमाबाद थाना प्रभारी अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान राहुल निवासी भाईदासखेड़ा और विशाल कुमार निवासी भिखारी खेड़ा रहीमाबाद के रूप में हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी इन संरक्षित जीवों को अवैध बाजार में बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया है। वन विभाग अधिकारियों के अनुसार बरामद बरनबट चमगादड़ पर्यावरणीय संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं, और ऐसे वन्यजीवों की तस्करी जंगलों की जैवविविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में वन्यजीव अपराध पर इसी तरह की कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पीजीआई में दबंगई चरम पर: टेंपो स्टैंड पर युवक पर चाकू से हमला

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। थाना क्षेत्र के टेंपो स्टैंड पर दबंगई का मामला सामने आया है, जहां नंबर को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। पीड़ित धर्मेंद्र कुमार ने दबंग बच्चा के खिलाफ लिखित तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित ने बताया कि वह अपने बड़े भाई के पीछे स्टैंड पर खड़ा था। तभी आरोपी बच्चा वहां पहुंचा और नंबर हटाने को लेकर बहस करने लगा। देखते ही देखते उसने चाकू निकालकर धर्मेंद्र पर हमला कर दिया। बचाव के दौरान चाकू उसकी कनपटी पर लग गया, जिससे वह घायल हो गया। धर्मेंद्र का आरोप है कि आरोपी लगातार उसे प्रताड़ित करता है और



गाड़ी चलाने तक नहीं देता। कई बार जान से मारने की धमकी भी दे चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लखनऊ में संदिग्ध बांग्लादेशियों पर शिकंजा कसेगी एटीएस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संदिग्ध बांग्लादेशियों को चिह्नित करने का जिम्मा अब आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) संभालेंगी। अभी तक नगर निगम व पुलिस ही संदिग्ध बांग्लादेशियों के अभिलेखों की जांच कर रही थी। एटीएस ने नगर निगम से कूड़ा प्रबंधन और सफाई का काम देख रही कार्यदायी संस्थाओं के श्रमिकों का ब्योरा मांगा है। एटीएस की तरफ से यह पत्र नगर निगम पहुंचा है, जिसके बाद नगर निगम ब्योरा जुटाने में लग गया है। इसमें कार्यदायी संस्थाओं के ठेकेदारों के साथ ही सफाई श्रमिकों की प्रमाणित सूची, निवास स्थान, पहचान प्रमाण पत्र और मोबाइल नंबर भी देना है। एटीएस की तरफ से नगर निगम को बताया गया है कि उत्तर प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की मौजूदगी की जांच की जा रही है।

# मार्केट जाने निकले युवक पर धावा, दो बदमाशों ने किया लूट-पिटाई

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग में रविवार शाम मार्केट जाने निकले एक युवक पर दो बदमाशों ने अचानक हमला कर लहूलुहान कर दिया। आरोपित मारपीट के बाद युवक की जेब में रखी सैलरी, चांदी का ब्रेसलेट और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। घायल युवक को स्थानीय लोगों ने बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। द्वारिका पुरी कॉलोनी निवासी सौरभ ने बताया कि रविवार शाम करीब 7 बजे वह घर से बाजार जाने के लिए निकला था। रास्ते में अनिल जनरल स्टोर के पास पानी भरते समय पीछे से आदित्य भारती अपने एक साथी के साथ आया और अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। वारदात में सौरभ गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर बेहोश हो गया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर उसकी जेब में रखे 13,000 वेतन, चांदी का ब्रेसलेट और मोबाइल फोन भी ले गए। होश आने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। घटना के बाद सोमवार दोपहर सौरभ परिजनों के साथ कोतवाली पहुँचा और पूरी घटना की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षेप

### सालों से खराब पड़ी मंदिर परिसर में लगी स्ट्रीट लाइटे



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। विकास खंड बिछिया क्षेत्र के गाँव ओरहर स्थित सिद्धपीठ माँ साखो देवी मंदिर प्रांगण में एक वर्ष पूर्व लगाई गई स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी होने से साखो समिति के सदस्यों ने सामूहिक लिखित शिकायत पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है। साखो समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायत पत्र में बताया कि सिद्धपीठ मां साखो देवी मंदिर प्रांगण में जिला पंचायत द्वारा एक वर्ष पूर्व स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। जो लगभग 8 माह से खराब पड़ी है। जिसके सम्बंध में जिला पंचायत को अनेकों बार मरम्मत कराने हेतु अवगत कराया गया है। लेकिन कोई सुनवाई नही की गई। स्ट्रीट लाइट का कार्य जिला पंचायत सदस्य मनमोहन यादव द्वारा कराया गया था। उन्हें भी कई बार अवगत कराया जा चुका है। परन्तु अभी तक कोई सुधार नही हुआ है। जिसका शिकायत पत्र शौपकर सम्बंधित को उचित कार्यवाही हेतु निर्देश कराने की मांग की है।

### मेडिकल इंस्टीट्यूट के बाहर छात्रों ने किया जमकर हंगामा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सोमवार को भी सोहरामऊ के आशाखेड़ा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल इंस्टिट्यूट में छात्रों का धरना जारी रहा, शनिवार को एएनएम की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने एम एस पर बैड टच का आरोप लगाया था, जिसके बाद मामले ने गंभीर रूप ले लिया सोमवार को परिसर पहुंचे छात्रों ने अंदर ना जाकर मेडिकल इंस्टिट्यूट के बाहर ही हंगामा करना शुरू कर दिया सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद चौरसिया ने छात्रों की मांगों को इंस्टिट्यूट परिसर की मदद से पूरा कर कर विद्यार्थियों को क्लासरूम में भिजवाया। इंस्टिट्यूट के बाहर आए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी ने श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल इंस्टिट्यूट के बाहर पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाए, इसके बाद परिसर के बाहर पहुंच क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद चौरसिया ने मामले शांत कराया, क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद चौरसिया ने बताया कि 84 छात्रों को बिठाकर कॉलेज मैनेजमेंट से मीटिंग करवाई गई है, हंगामा कर रहे छात्रों की मांग को कॉलेज प्रशासन ने लिखित में मंजूर कर लिया है।

## खेतों में संभावनाओं की पड़ताल, गुफ्तगू 2025 टीम ने किया ग्रामीण दौरा

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। हसनगंज जिले का वो नगीना जो अपनी बहु-विविध कृषि प्रणाली के लिए मशहूर है। यहां की उपजाऊ मिट्टी पर मछली पालन से लेकर सिंघाड़ा, पोल्ट्री, गेंदा फूल, नर्सरी और आम की बागवानी तक सब कुछ फल-फूल रहा है। छोटे-छोटे किसान, जो 94 फीसदी मार्जिनल होल्डिंग्स के मालिक हैं, इन फसलों से न सिर्फ अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रहे हैं।

सरकारी योजनाओं और निजी कोशिशों की बदौलत यहां तालाबों में मछलियां तैर रही हैं, खेतों में गेंदे के फूल मुस्करा रहे हैं, और आम के बागों में मीठी खुशबू बिखर रही है। सिंघाड़ा की जल-रोधी खेती से किसानों को 10-15 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की कमाई हो रही है, जबकि पोल्ट्री फार्म्स से मीट की सप्लाई बढ़ रही है। ₹गुफ्तगू 2025₹ के तहत इतवार को इसी विविधता को करीब से देखने का मौका मिला, जब एक खास टीम ने अलग-अलग गांवों में किसानों से गुफ्तगू की। ये दौरा सिर्फ देखने-सुनने का नहीं था, बल्कि विचारों को अमल में लाने का जज्बा भी था। सुबह से ही टीम ने हसनगंज के विभिन्न गांवों का सफर शुरू किया। मछली पालकों से बातचीत में पता चला कि तालाबों से 2-3 टन प्रति हेक्टेयर की पैदावार हो रही है, और सब्सिडी की मदद से नए तालाब बन रहे हैं। सिंघाड़ा उगाने वाले किसानों ने बताया कि जुलाई-अक्टूबर का मौसम यहां बेहतर होता है, जहां उपज की अच्छी कीमत मिल जाती है। पोल्ट्री फार्म्स अच्छी पैदावार दे रहे हैं। गेंदा फूल के खेतों में रबी सीजन की रौनक देखी गई, जहां 8-10 टन प्रति हेक्टेयर फूलों की बहार है, जो लखनऊ के बाजारों तक पहुंचते हैं। बागवानी में आम की दशहरी, चौसा-लंगड़ा किस्मों को नई जिंदगी दे रहे हैं। यहां बागवानी के आम बागानों में तो जैसे बहार उतर आई हो, आमों की उपज, जो दिल्ली-मुंबई तक एक्सपोर्ट होती है। दोपहर होते-होते टीम फार्म पहुंची, यहां गन्ने की मिठास, रसावल की ताजगी, मूंगफली की क्रंची टेस्ट और सिंघाड़े की देशी स्वादिष्टता ने सबके दिल जीत लिया। ये सब देशी खाने का ऐसा लुत्फ था, जो शहर की भागदौड़ भुलाने वाला था। किसानों ने बताया कि ये फसलें न सिर्फ आय का स्रोत हैं, बल्कि जल संरक्षण और मिट्टी की सेहत के लिए भी जरूरी हैं। इस दौरे में सलमान अख्तर, तारिक खान, अकील अहमद, मोअज्जम अली, शादाब खान, मुशीर आलम, निशात आरिफ, रईस खान, तनवीर और ऋषि जैसे जज्बे वाले लोग शामिल हुए। सबने मिलकर चर्चा की कि कैसे इन खेतीबाड़ी वाले कारोबार को और मजबूत बनाया जाए, ड्रिप इरिगेशन से लेकर जैविक खाद तक। ₹गुफ्तगू 2025₹ का ये हिस्सा वाकई गंभीर और तत्पर था, जहां सिर्फ बातें नहीं, बल्कि अमल का रास्ता साफ हुआ। कौमी फरमान डिजिटल मीडिया नेटवर्क इस मुहिम का हिस्सा बनकर गंभीर है, और उम्मीद है कि ये गुफ्तगू हसनगंज के किसानों को नई उड़ान देगी।

## तुलसी पूजन यात्रा को लेकर समिति ने की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। आगामी 25 दिसंबर को होने वाली तुलसी पूजन यात्रा की तैयारियों को लेकर नर सेवा नारायण सेवा समिति ने रविवार को एक बैठक आयोजित की। यह बैठक संगठन कार्यालय में हुई, जिसमें पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। समिति हर वर्ष की तरह इस बार भी यात्रा को भव्य रूप देने की तैयारी कर रही है। बैठक में यात्रा से संबंधित विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। पदाधिकारियों को प्रचार सामग्री के साथ बस्तियों में जनसंपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि तुलसी पूजन यात्रा हिंदू समाज के लिए सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से इसे सफल बनाने के लिए तत्परता से काम करने और अधिक से अधिक लोगों को यात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की अपील की।इस दौरान विमल द्विवेदी ने कुछ स्कूलों में क्रिसमस से जुड़े कार्यक्रमों और चंदे को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों पर ₹सॉफ्ट कन्वर्जन₹ का प्रभाव पड़ सकता है। द्विवेदी ने हिंदू समाज को सतर्क रहने और किसी भी प्रकार के लालच, भ्रम या धार्मिक अंधविश्वास से बचने की सलाह दी। हालांकि, उनके इन आरोपों पर शिक्षण संस्थानों या संबंधित पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी तक सामने नहीं आई है। द्विवेदी ने बताया कि तुलसी पूजन यात्रा का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और समाज में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने जनपदवासियों से बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।बैठक में समिति के महासचिव विनय द्विवेदी, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, ए.के. दीक्षित, विनय शंकर दीक्षित, निशांत शुक्ला, योगेंद्र तिवारी, राकेश राजपूत, विकास तिवारी, चंद्रमौली मिश्रा, मनोज शुक्ला, सर्वेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भूमि विवाद पर भाई ने भाई को लाठी डंडों से पीटा, दर्ज हुआ मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सेवकीखेड़ा गांव में भूमि विवाद में भाई को उसके सगे भाई और भाभी ने मिलकर लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के सेवकी खेड़ा मजरे जमालनगर निवासी हींगा पुत्र अँगनू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को लगभग दोपहर अपने हिस्से की जमीन पर खड्ढा खोदकर पिलर लगाने का काम कर रहा था। तभी उसका भाई पप्पू अपनी पत्नी ममता अब उसके साथी छोटेलाल पुत्र जीत और रमेश पुत्र नेपाल के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुँचा और उसे अपशब्द कहकर काम करने से रोकने लगा।आरोप है कि विरोध करने पर पप्पू और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से हींगा पर हमला कर दिया, जिससे उसके गंभीर चोटें आईं।शोर सुनकर गाँव के लोग मौके




पर पहुँचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मामले में एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मृतक युवक के भाई ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की लगाई गुहार

**अमन लेखनी समाचार**




बांगरमऊ, उन्नाव। जनपद कन्नौज के एक युवक का शव करीब दस-बारह दिन पूर्व फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया था। भाई ने यहां के पुलिस अधीक्षक से एक युवती तथा उसके परिवारवालों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई गई है। ज्ञात हो कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बल्लापुर के निकट बीते 26 नवंबर को एक युवक का शव पेड़ की डाल से फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा गया था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। आज सोमवार को मृतक के भाई विद्याराम पुत्र दरवारी लाल निवासी ग्राम हरौल पुरवा थाना इंदरगढ़ कन्नौज ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि उसका भाई अंकिल 22 वर्ष नोएडा में डिलीवरी ब्वाय का काम करता था। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र की ही एक लड़की से उसका संपर्क हो गया। बीते 25 नवंबर को इसी युवती ने उसके भाई को फोन कर अपने घर बुलाया था। इसके बाद 26 नवंबर को शाम करीब 4:30 बजे उसे पुलिस से सूचना मिली कि भाई का शव फांसी पर लटका हुआ है। खबर मिलते ही वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा और लोगों से पूछताछ की तो ज्ञात हुआ कि वह युवती से मिलने यहां आया करता था। भाई के अनुसार घटना के एक दिन पूर्व मृतक का युवती के साथ फोटो वीडियो और रिकार्डिंग भी उसके पास मौजूद है साथ ही रिकॉर्डिंग है। भाई का आरोप है कि युवती ने धोखाधड़ी करके उसके भाई को बुलाया तथा हत्या कर उसे फांसी का रूप दे दिया। मृतक के भाई ने युवती, उसके पिता व भाई के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है।

## ससुराल से वापस घर जा रहे बाइक सवार युवक को कार ने मारी टक्कर, हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। लखनऊ जनपद के मोहनलाल गंज थाना छेत्र के रानीखेड़ा गांव निवासी नागेंद्र यादव 40 वर्ष पुत्र बेंचा यादव अपनी ससुराल असोहा थाना छेत्र के खजुहा खेडा आया था ,वहां से देर शाम लगभग आठ बजे बाइक से घर रानी खेडा वापस जा रहा था । मौरावां मोहनलागंज मार्ग पर अभी वह कालूखेड़ा स्थित सूर्या ढाबा के पास पहुचा ही था कि विपरीत दिशा से आरही तेज रफ्तार चारपहिया कार ने सीधा टक्कर मार दी , टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना स्थल पर ही नागेंद्र ने दम तोड़ दिया ।राहगीरों को सूचना पर पहुंची पुलिस ने म्रतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया म्रतक अपने पीछे एक 12 वर्षीय पुत्र अंश यादव तथा पत्नी ममता देवी को रोता बिलखता छोड़ गया । म्रतक की माँ छेदाना देवी का दो वर्ष पूर्व तथा पिता बेंचलाल यादव चार वर्ष पूर्व देहांत हो गया ।थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि म्रतक के भाई राघवेंद्र की तहरीर पर अभियोग पंजिकृत कर लिया गया तथा वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

## साइड न मिलने पर बाइक सवार युवकों ने तीन लोगों को पीटा

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात सड़क पर साइड न देने को लेकर विवाद हो गया। अलौलापुर गांव के पास धान से लदा एक ट्रैक्टर लेकर जा रहे व्यापारी, उसके बेटे और ड्राइवर पर तीन बाइक सवार युवकों ने अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने बेल्ट और लात-घूंसों से तीनों को बेरहमी से पीटा। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हमलावरों की दबंगई और मारपीट का पूरा दृश्य कैद है। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक लगातार हॉर्न बजा रहे थे, लेकिन संकरे रास्ते के कारण ट्रैक्टर तुरंत साइड नहीं दे पाया। इसी बात पर आरोपी भड़क गए और उन्होंने ट्रैक्टर रुकवाकर हमला कर दिया। पीड़ित व्यापारी छोटी जमुनिया गांव का निवासी बताया गया है। मारपीट की सूचना मिलते ही दोनों पक्षों की महिलाएं भी मौके पर पहुंचीं, जिससे वहां भी झड़प हुई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। तीनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। वायरल वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी युवकों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि हमलावर जल्द ही गिरफ्त में होंगे। बांगरमऊ पुलिस ने बताया कि सड़क पर साइड देने को लेकर हुए झगड़े ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि विवाद पूर्णतः आपसी कहासुनी से उपजा, जिसे हमलावरों ने अनावश्यक रूप से हिंसा में बदल दिया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## डीएम के निर्देश पर पीड़ितों का डाक्टरों की टीम ने किया मेडिकल परीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। बीती मध्यरात करीब कोतवाल के नेतृत्व में बांगरमऊ पुलिस टीम द्वारा की गई ढाबा संचालक के साथ मारपीट के बाद सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर तीन डाक्टरों की टीम द्वारा पीड़ितो का मेडिकल परीक्षण कराया गया तथा घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने कोतवाल बांगरमऊ व चौकी प्रभारी गंजमुरादाबाद को लाइन हाजिर कर दिया गया।यह घटना दो दिनो से लोगो में चर्चा का विषय बनी हुई है। ज्ञात हो रविवार को मध्य रात करीब कोतवाल बांगरमऊ के नेतृत्व में पुलिस टीम आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे टोल के निकट संचालित एक ढाबे पर अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पहुंची हुई थी इसी दौरान ढाबा कर्मियों से बात विवाद के बाद मारपीट हो गई।इस घटना के बाद बीती मध्य रात करीब 12:20 बजे कोतवाल अनुराग सिंह,चौकी प्रभारी गंजमुरादाबाद सतीश द्विवेदी,बांगरमऊ नगर प्रभारी अजय यादव व दरोगा वीरेंद्र वीर विक्रम सिंह तथा दीपक सिरोही व गोविंद सिरोही इन छह पुलिस कर्मियों का मेडिकल परीक्षण हुआ सुबह मामला प्रकाश में आया तो पुलिस ने रविवार दोपहर 12 बजे बाद ढाबा संचालको में से अवधेश कुमार सिंह पुत्र हरिकृष्ण निवासी ताजपुर बांगरमऊ व इनके दो पुत्र अश्वनी कुमार व मिहिर सिंह तथा कर्मचारी सरोज पुत्र जगदीश निवासी चोरहा बांगरमऊ इन चारों का मेडिकल परीक्षण कराकर उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया जहां से जमानत मिलने पर ढाबा संचालक घर पहुंचे तो घटना के प्रति पुलिस कार्यवाही पर खुलकर सवाल खड़े कर आरोप लगाए गए।पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी सहित सभी की जमकर पिटाई की गई तथा पुलिस पिटाई से घायलों ने चोट के निसान दिखाते हुए पुलिस की बर्बरता बया की।उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से कोतवाल अनुराग सिंह,चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।वही जिलाधिकारी के निर्देश पर तीन डाक्टरों के पैनल ने चोटिल लोगो का जिला मुख्यालय पर मेडिकल परीक्षण कराया गया।

### खुद का मेडिकल कराकर पुलिस ने स्वयं के लिए खड़ी की मुसीबत।

*इस घटना में पुलिस पिटाई का मामला प्रकाश में आने के बाद कप्तान ने कोतवाल व चौकी प्रभारी पर कार्यवाही की है किंतु यह कार्यवाही का दायरा और बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं जिन छह पुलिस कर्मियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया जांच के दौरान वह लोग भी कार्यवाही के दायरे में आ सकते है जिससे कहा जा रहा है पुलिस ने खुद का मेडिकल कराकर अपने लिए ही मुसीबत का रास्ता बनाया।*

*पीड़ित पक्ष की सत्ता में मजबूत पकड़ व आर एस एस की जिम्मेदारी ने उसे पुलिस के खिलाफ खड़े रहने के लिए बल मिला अन्यथा पूरे दिन पुलिसिया दबाव मामले को दबाने में लगा रहा जिससे मध्य रात घटित घटना रविवार शाम पहर प्रकाश में आ सकी।*

*कोतवाल के पदभार ग्रहण करने के बाद से ही उनकी कार्यशैली विवादों से घिरी रही बीते चंद दिनों पूर्व कस्बा मदारनगर में बाल कटवाने के विवाद में नाई की पिटाई के बाद निरीक्षण हेतु मौके पर पहुंचे तो एक सपा कार्यकर्ता से भी तीखी नोंकझोंक हुई इस घटना के बाद सपा के कुछ कार्यकताओं ने कप्तान से मिलकर कोतवाल की शिकायत भी की गई किंतु शांति व्यवस्था के मद्देनजर कप्तान की कार्यवाही से बचे रहे।इसके अलावा नगर के प्रमुख चौराहा सहित सभी प्रमुख मार्गों पर भी रात्रि गस्त के दौरान कार्यशैली चर्चित रही किंतु वर्दी के आगे कोई कुछ बताने के लिए आगे नहीं आ सका।*

## शहर के प्रमुख होटलों का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। पुलिस प्रशासन ने होटल संचालकों की लापरवाही रोकने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए कार्रवाई की। रविवार शाम एसपी जयप्रकाश सिंह ने शहर के प्रमुख होटलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान माया इन सहित कई होटलों में कमरों, रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षा उपकरणों की गहनता से जांच की गई। निरीक्षण के समय एसपी के साथ एएसपी अखिलेश सिंह और मुख्य अग्निशमन अधिकारी (CFO) अनूप सिंह भी मौजूद थे। टीम ने सबसे पहले माया इन होटल पहुंचकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, आग बुझाने के तरीकों और फायर फाइटिंग उपकरणों का जायजा लिया। अधिकारियों ने होटल प्रबंधन को सभी अग्निशमन उपकरणों की समय पर सर्विस कराने और कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। एसपी ने होटल के रजिस्टर और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर सत्यापन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने होटल प्रबंधन को निर्देश दिए कि बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को कमरा न दिया जाए। साथ ही, होटल में ठहरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए भी कहा। एसपी ने जोर दिया कि होटल शहर की सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए प्रबंधन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। सीएफओ अनूप सिंह ने होटलों में लगे फायर अलार्म, हाइड्रेंट पाइप, पानी की टंकी और आपातकालीन निकास मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में उपकरणों के सही उपयोग के बारे में बताया और चेतावनी दी कि अग्निशमन नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी। एएसपी अखिलेश सिंह ने होटल कर्मचारियों से सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल पूछे और यह सुनिश्चित किया कि सभी कर्मचारी आपातकालीन प्रोटोकॉल से अवगत हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कुछ होटलों में कमियां पाई गईं, जिन पर अधिकारियों ने चेतावनी जारी की और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। पुलिस टीम के इस अचानक निरीक्षण को शहर के अन्य होटल संचालकों के लिए एक स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पानी भरे गड्ढे में गिरने से मासूम की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के कस्बा बारा में 6 वर्षीय बालक की गड्ढे में भरे पानी में डूब जाने मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। कस्बा बारा निवासी पंकज पासवान का 6 वर्षीय रीतेश रविबार दोपहर दरवाजे खेल रहा था खेलते खेलते वह पड़ोस के अल्ताफ के दरवाजे घर बनाने के लिए की जा रही बोरिंग का गड्ढा बना हुआ था उसमें पानी था पैर फिसल जाने से रीतेश गड्ढे में गिर पड़ा। काफी देर तक बच्चा घर वापस न आने पर घर में मौजूद मां रननों ने खोजबीन शुरू की रविवार रात लगभग 7:00 बजे पड़ोसी अल्ताफ के दरवाजे बने बोरिंग के गड्ढे में शव उतराता मिला। शव मिलते ही कोहराम मच गया। मृतक के दो बहने 8 वर्ष की सोनी और 10 वर्षीय ऋषिका है पिता दिल्ली में प्राइवेट कार्य करता है घटना के बाद घर में मौजूद मां का रो रो कर बुरा हाल है ।मां हत्या किए जाने का आरोप लगा रही थी। घटना की सूचना पर पिता सुबह दिल्ली से घर पहुंचे। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ ने बताया कि पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा जा रहा है परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है ।पी एम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। कासिम नगर क्षेत्र में रविवार रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फरीन बानो नामक महिला पिछले दस महीनों से किराए के मकान में रह रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचित किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद फरीन बानो की मौत हो गई। वह अपने पति अली के साथ कासिम नगर थाना कोतवाली क्षेत्र में मोहम्मद मुमताज के मकान में किराए पर रहती थीं। मकान मालिक मोहम्मद मुमताज ने बताया कि फरीन बानो लगभग दस महीने पहले उनके मकान में रहने आई थीं। उन्होंने कहा कि महिला अपने पति के साथ शांतिपूर्वक रह रही थी और पहले कभी कोई विवाद सामने नहीं आया था। मुमताज के अनुसार, देर रात महिला की गंभीर स्थिति की जानकारी पड़ोसियों ने पुलिस को दी। मृतका फरीन बानो का स्थायी पता ग्राम महमूद मऊ, थाना रुधौली बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच शुरू की। पुलिस ने कमरे का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल मौके पर किसी प्रकार की मारपीट या जबरन प्रवेश के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं से जांच कर रही है। मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है और उनके उन्नाव पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने फरीन बानो को शांत स्वभाव की महिला बताया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सम्पादकीय

# पुतिन का दौरा नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद'

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा कई मायनों में काफी अहम है। यह अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश देने वाला भी माना जा रहा है। रूस ने जहां यूएनएससी में भारत की दावेदारी का समर्थन किया है, वहीं आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की प्रतिबद्धता भी दोहराई। दौरा भविष्य का वह रोडमैप है, जो भारत को एक मिलिट्री और इकोनॉमिक सुपरपावर बनाने के लिए तैयार किया गया, चाहे वह डिफेंस हो, स्पेस हो, परमाणु ऊर्जा हो या फिर ट्रेड। हर मोर्चे पर रूस ने भारत का हाथ मजबूती के साथ थाम लिया है। मोदी-पुतिन का 'रुबल-रुपया' पैक्ट बता रहा है कि दोनों महाशक्तियों ने डॉलर की बादशाहत को कुचलने का प्लान तैयार कर लिया है। इसके साथ ही दुनिया की दो सबसे पुरानी और भरोसेमंद ताकतों ने पश्चिमी देशों को आईना दिखाते हुए एक नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद' कर दिया है। अमेरिका और यूरोप की तमाम धमकियों, प्रतिबंधों और कुटिल चालों के बावजूद पुतिन ने भारत की धरती पर कदम रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी भव्य अगवानी की। यह दिखाता है कि रूसी राष्ट्रपति का यह दौरा सिर्फ एक कूटनीतिक नहीं, बल्कि पश्चिम देशों के लिए बड़ा संदेश है। पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को भी संबोधित किया। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत सह-उत्पादन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर सहमति बनी। मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है, वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। दोनों देशों के बीच हेल्थ, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा, शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत करीब 19 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों नेताओं ने साफ कर दिया कि दो बड़ी शक्तियों के रूप में, उनकी यह साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक 'एंकर' (लंगर) की तरह है। यह अमेरिका की उस दादागिरी को सीधी चुनौती है, जो दुनिया को अपने हिसाब से चलाना चाहता है। रक्षा क्षेत्र हमेशा से भारत-रूस संबंधों की रीढ़ रहा है, लेकिन इस बार कहानी बदल गई है। अब भारत सिर्फ खरीदार नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को रूस ने अपना पूरा समर्थन दे दिया है। संयुक्त बयान के पैराग्राफ 28 से 31 में साफ लिखा है कि अब रिश्ता 'खरीद-फरोख्त' से आगे बढ़कर 'को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन' (सह-विकास और सह-उत्पादन) पर आ गया है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जो फैसला लिया है, वह डॉलर की बादशाहत को सीधा चुनौती है। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि यह व्यापार डॉलर में नहीं, बल्कि 'नेशनल करंसी' (रुपये और रुबल) में होगा। अब भारत का यूपीआई और रूस का एमआईआर या अन्य सिस्टम एक साथ काम करेंगे। माना जा रहा है कि इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंध धरे के धरे रह जाएंगे और बिना किसी रुकावट के व्यापार होगा।



भारत-रूस संबंध

कांतिलाल मांडोत

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ व राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है।

# आर्थिक सहयोग की मजबूत रणनीति

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंध अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक ऐसी स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरे हैं, जिन पर समय की मार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पिछले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ और राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। हाल ही में हुई 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक ने इस विश्वास को और गहराई प्रदान की है। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा, रक्षा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व अवसरों को जन्म देगी।

भारत और रूस का यह संकल्प केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर और विश्वसनीय साझेदारी का उदाहरण है। दुनिया तेजी से बदल रही है, सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है, और आर्थिक निर्भरता को कम करने की आवश्यकता वैश्विक प्राथमिकता बन गई है। ऐसे दौर में यह द्विपक्षीय रणनीति न केवल दोनों देशों के लिए लाभकारी है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक संकेत देती है। रूस ने भारतीय नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे जनसंपर्क और सांस्कृतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। आतंकवाद के खिलाफ भी दोनों देशों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे मिलकर कार्य करेंगे और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा की मजबूत दीवार बनेंगे। यह सहयोग सुरक्षा और विश्वास पर आधारित नए वैश्विक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिखर बैठक में कई अहम समझौते हुए हैं जिनमें स्वास्थ्य सेवाएं, मेडिकल एजुकेशन, फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड, माइग्रेशन, पोलर शिपिंग और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा उर्वरक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिस पर दुनिया की नजर है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए उर्वरक आपूर्ति की स्थिरता बेहद अहम है, और रूस के साथ यह समझौता किसानों के लिए दीर्घकालिक राहत साबित हो सकता है। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा आगे बढ़ रही है। अगर यह समझौता साकार होता है, तो दोनों देशों के लिए व्यापार विस्तार, बाजार पहुंच और औद्योगिक सहयोग के नए दरवाजे खुलेंगे। इस संभावना ने वैश्विक शक्तियों विशेष रूप से अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि यह एशिया और यूरेशिया में आर्थिक ध्रुवीकरण को नई दिशा दे सकता है। रूस और भारत मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट विकसित कर रहे हैं जो यूरोप से एशिया तक व्यापार के स्वरूप को बदल देंगे। उत्तरी समुद्री मार्ग पर सहयोग और पोलर शिपिंग समझौता भविष्य के



लाजिस्टिक नेटवर्क का आधार बनने जा रहा है। भारत की वैश्विक व्यापार क्षमता इस सहयोग से कई गुना बढ़ जाएगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी भारत और रूस की साझेदारी उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में रूस की सहायता से बन रहा न्यूक्लियर पावर प्लांट एशिया के सबसे बड़े परियोजनाओं में से एक है।

यह 6000 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र न केवल दक्षिण भारतीय राज्यों में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में यह भारत की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल होगा। व्यापार की बात करें तो भारत और रूस का व्यापारिक संतुलन पिछले वर्ष 12 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह वृद्धि तेल आयात की वजह से और भी तेज हुई है, जो दोनों देशों के कुल व्यापार का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में रूस की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। ऊर्जा सुरक्षा हर अर्थव्यवस्था की नींव होती है और रूस इस क्षेत्र में भारत का स्थायी और विश्वसनीय साझेदार बन चुका है। रूस ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह भारतीय सेना को आवश्यक हथियार और रक्षा उपकरण देना जारी रखेगा, जैसा कि वह पिछले 50 वर्षों से करता आ रहा है। यह सहयोग न केवल रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है, बल्कि सामरिक आत्मनिर्भरता और सुरक्षा नीति में स्थिरता भी प्रदान करता है। भारत और रूस की रक्षा साझेदारी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है, जिसमें विश्वास, तकनीक और दीर्घकालिक रणनीति का संतुलन देखने को मिलता है।

व्यापक दृष्टि से देखें तो भारत रूस संबंध केवल रणनीतिक या आर्थिक प्रश्न नहीं, बल्कि जनता से जनता के संबंधों की सशक्त कड़ी भी हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में आदान प्रदान, पर्यटन और सामाजिक स्तर पर सहयोग एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे रहे हैं। यह संबंध दो महाशक्तियों के बीच आपसी सम्मान, समानता और निर्णय की स्वतंत्रता पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बैठक में स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की वजह से भारत रूस की दोस्ती और मजबूत हुई है। यह बयान दो नेताओं की व्यक्तिगत समझ का प्रतिबिंब है और यह भी दर्शाता है कि यह साझेदारी केवल सरकारों या नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि विश्वास की गहरी नींव पर टिकी है। आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नेता से नेता का संवाद जितना मजबूत होता है, उतना ही स्थायी सहयोग पैदा होता है। भारत रूस संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प अवसरों का विस्तार करने के साथ साथ चुनौतियों का समाधान भी है। दोनों देश जानते हैं कि आने वाले समय में ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, वैश्विक स्थिरता और आर्थिक विस्तार जैसे प्रश्नों पर उनका सहयोग दुनिया के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। आज जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं और आर्थिक प्रतिद्वंद्विता नई आकृतियां ले रही है, भारत और रूस का यह स्थिर और प्रगतिशील रिश्ता वैश्विक शांति और विकास का सशक्त आधार बन सकता है। दोनों देशों ने यह सिद्ध किया है कि वास्तविक साझेदारी दबावों में नहीं टूटती, बल्कि कठिनाइयों में और मजबूत होती है। 2030 तक का साझा रोडमैप न केवल भारत और रूस की आर्थिक ताकत को कई गुना बढ़ाएगा, बल्कि एशिया और यूरेशिया क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। यह रणनीति भविष्य की ऐसी मजबूत नींव है जिस पर आने वाली पीढ़ियां भी गर्व कर सकेंगी। भारत और रूस का यह अटूट रिश्ता आने वाले समय में वैश्विक संतुलन का नया सूत्र साबित हो सकता है।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड के आकर्षक स्थानों में से एक लुसाने शहर है जोकि अंगूरों के बागों के लिए जाना जाता है। लुसाने खेलों के लिए भी फेमस है, यहाँ पर हर साल हॉकी और फुटबाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसके साथ ही संस्कृति और कला में रूचि रखने वालों के लिए लुसाने में कई संग्रहालय और प्राचीन स्मारक भी है। पर्यटकों के लिए यह खूबसूरत शहर बहुत ही आनंद देने वाला है।

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित

दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित

प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा: लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा: क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला: पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## आत्मबोध

डॉ. कविता सिंधू खरीटा



# स्व-चेतना में मन का अपनी ही गहराइयों से परिचय

खुद को समझने की यात्रा एक अचानक आई रोशनी से नहीं, बल्कि एक बहुत छोटे-से संशय, एक हल्की-सी खटपट या भीतर उठे किसी मौन प्रश्न से शुरू होती है। यात्रा की शुरुआत तभी होती है जब मन पहली बार यह स्वीकार करता है कि उसे सब कुछ पता नहीं, और शायद जो वह समझ रहा है, वह पूर्ण सत्य नहीं। यही वह प्रथम क्षण होता है जब भीतर की ज़मीन थोड़ा-सा हिलती है, और हम अपनी ही समझ, अपनी धारणाओं और अपने निष्कर्षों को पहली बार एक दूरी से देखने लगते हैं। जब मन अपने ही तर्कों पर प्रश्नचिह्न लगाने लगता है, तभी भीतर कहीं एक दीपक पहली बार टिमटिमाता है। यह प्रकाश बहुत तेज़ नहीं होता, पर इतना अवश्य होता है कि भीतर के अंधेरे को चुनौती दे सके। दूसरे चरण में हमें इन सवालों के उत्तर खोजने के लिए अपने ही भीतर उतरना पड़ता है, वहां जहां अक्सर हम जाना नहीं चाहते। यह यात्रा कभी बाहर की दुनिया में चलती है, तो कभी भीतर की गलियों में। कभी मन की पुरानी परतें खुलती हैं, तो कभी दूसरों की संवेदनाएं हमें नया आईना दिखाती हैं। धीरे-धीरे हम उस अवस्था में पहुंचते हैं! जहां आंखों से कम और हृदय से अधिक देखा जाता है। फिर आता है वह कठिन चरण, जहां समझ सिर्फ़ एक विचार नहीं रहती, वह जीवन बन जाती है। सीख को व्यवहार में उतारना, उसे आदतों, स्वभाव और निर्णयों में पिरोना, यही परिवर्तन का वास्तविक प्रारंभ है। इन्हीं चरणों से गुजरते-गुजरते एक दिन यह एहसास गहराई से बैठ जाता है कि हमारी रायें, विचार और मान्यताएं कुछ भी स्थिर नहीं हैं। सब कुछ बदलता रहता है इसीलिए न किसी निष्कर्ष पर अहंकार उचित है, न किसी मत पर अंतिम मुहर। जीवन निरंतर बहती हुई नदी है, और हमें भी उसके हर मोड़ के साथ स्वयं को नए रूप में गढ़ते रहना पड़ता है। जब यह साधना बार-बार दोहराई जाती है, तब कहीं जाकर हम सही और गलत के उस बेहद सूक्ष्म अंतर को पहचान पाते हैं

## हॉर्नबिल उत्सव



5 दिसंबर, 2025 को पोस्ट की गई इस तस्वीर में, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया नागालैंड में हॉर्नबिल उत्सव में हिस्सा ले रहे हैं।

## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। -चेतन वर्मा, दुर्ग

## करंट अफेयर

# हेगसेथ ने योजना साझा कर सैनिकों को खतरे में डाला

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में हूती विद्रोहियों पर होने वाले सैन्य हमले से संबंधित संवेदनशील योजनाएं अपने निजी फोन से साझा करके अमेरिकी सैनिकों को जोखिम में डाल दिया। पेंटागन के महानिरीक्षक की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में रक्षा मंत्रालय में अनुमोदित नहीं किए गए मैसेजिंग ऐप और उपकरणों के उपयोग की भी आलोचना की गई है। निरीक्षक ने पाया कि हेगसेथ के पास 'सिग्नल चैट' नामक मैसेजिंग ऐप में साझा की गई जानकारी को 'डी-क्लासिफाई' यानी गोपनीय श्रेणी से हटाने का अधिकार था।



## ऑफ बीट

# संदर्भ स्पष्ट नहीं तो शब्दों का जबरदस्ती अनुवाद क्यों

अगर आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में पारंगत हैं तो आपने गौर किया होगा कि कुछ शब्दों का सटीक अनुवाद करना नामुमकिन होता है। किसी वस्तु के 'शिबुई' (एक प्रकार की सरल लेकिन कालातीत रूप से सुंदर) पर अचंभित होने वाले जापान के एक डिजाइनर अंग्रेजी में इसके लिए सटीक समानार्थी शब्द के अभाव से असमंजस में पड़ सकते हैं। पुर्तगाली भाषी लोग 'सौदादे' को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जो लालसा और उदासी का मिश्रण है। वहीं वेल्स के लोगों को 'हिराएथ' का अनुवाद करने में और भी ज्यादा मुश्किल होगी।




## ट्रेंड

### जैव विविधता की रक्षा



स्वस्थ मिट्टी जीवन का आधार है। आइए धरती की जैव विविधता की रक्षा करें, इसकी मजबूती बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहे। हर पारिस्थितिकी तंत्र मिट्टी से ही शुरू होता है। आइए इस ग्रह के लिए खड़े हों।
-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### सरकार का एकाधिकार



इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है - देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में। भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### भारत की बढ़ती ताकत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह टिप्पणी कि कोई भी शक्ति भारत पर हावी नहीं हो सकती, प्रशंसा से बढ़कर है, यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती ताकत की मान्यता है। एक नया भारत ऊँचा खड़ा है।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### भाजपा के असली इरादे



एसआईआर को लेकर भाजपा के असली इरादे अब सामने आ गए हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जनता को सीधी धमकी दी है कि जिनके नाम इसमें शामिल नहीं होंगे, उनकी सरकारी सुविधाएँ समाप्त कर दी जाएंगी।
- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

## संक्षेप

### विधायक ने एसआईआर फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया तेज की

**राज बाबू उपाध्याय बोले- विपक्ष गुमराह कर रहा; कार्यकर्ता घर-घर जाकर फॉर्म भरवाएं**

सुलतानपुर, सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपने क्षेत्र में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य एसआईआर (एसआईआर) फॉर्म भरने की प्रक्रिया में तेजी लाना था। यह बैठक विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सचिवालय, पंचायत भवन सिसोडा में आयोजित की गई। इसमें भाजपा के बूथ अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, क्षेत्राधिकारियों और सभी बीएलओ ने भाग लिया। विधायक ने सभी से समन्वय बनाकर कार्य को गति देने पर जोर दिया। राज बाबू उपाध्याय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर व्यवस्था लागू की है, जिसके लिए पूरे प्रदेश और अन्य राज्यों में अधिकारी लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री इस प्रक्रिया को लेकर काफी संवेदनशील हैं, क्योंकि कुछ जनपदों और विधानसभाओं में स्थिति गंभीर है। मुख्यमंत्री ने सामूहिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विधायकों, एमएलसी, जिलाध्यक्षों और पार्टी कार्यकताओं से अपनी-अपनी विधानसभाओं में प्रयास करने का आग्रह किया है।

### बाजार में बस की टक्कर से मजदूर घायल

**अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर हादसा, पुलिस ने बस और चालक को पकड़ा**

सुलतानपुर, अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर अहिमाने बाजार के पास शनिवार दोपहर एक लग्जरी बस की टक्कर से पैदल जा रहे एक दिहाड़ी मजदूर घायल हो गया। पुलिस ने बस और उसके चालक को पकड़ लिया है और मामले की जांच कर रही है। यह दुर्घटना कोतवाली देहात क्षेत्र से गुजर रहे अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय अहिमाने के निकट हुई। मजदूर काम की तलाश में जा रहा था, तभी अयोध्या की ओर जा रही बस ने उसे टक्कर मार दी। घायल की पहचान तिवारीपुर गांव निवासी 50 वर्षीय पुन्नवासी पुत्र रामदीन के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर प्रतापगंज चौकी प्रभारी रमेश बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। घायल मजदूर को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जानलेवा हमले में चार आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर पुलिस ने प्रधान पति समेत सभी आरोपियों को भेजा जेल**

सुलतानपुर, चांदा कोतवाली क्षेत्र में जानलेवा हमले के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनमें प्रधान पति भी शामिल हैं। यह मामला शुकुल उमरी गांव में सामने आया। यहां आनंद कुमार मिश्र पुत्र तीर्थराज मिश्र निवासी सौराई, आसपुर देवसर, प्रतापगढ़ को अगवा कर बंधक बनाया गया और गंभीर रूप से पीटा गया। घायल युवक के भाई अभिषेक मिश्र की तहरीर पर चांदा पुलिस ने जानलेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनोज गोस्वामी पुत्र महंतराज गोस्वामी, पंकज गोस्वामी पुत्र कपिल गोस्वामी, शिवांश उर्फ बॉबी पुत्र मनोज गोस्वामी और इंद्रदेव पुत्र रामपति शामिल हैं।

# 86 बोरी अखरोट के साथ एक गिरफ्तार, पिकअप वाहन जब्त

## भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में गस्त के दौरान एसएसबी ने की कार्यवाही

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच।भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 86 बैग अखरोट के साथ एक तस्कर गिरफ्तार हुआ है। सीमा पर अवैध व्यापार और तस्करी पर रोक लगाने के लिए 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को सीमा चौकी बलई गांव द्वारा विशेष खुफिया सूचना के आधार पर पिलर संख्या 663/3 से लगभग 1 किमी दूर, सोहानी बलई गांव में दोपहर एसएसबी उप निरीक्षक रवि कुमार अपनी टीम के साथ घेराबंदी कर निगरानी करने लगे लगभग 04 बजे टीम ने बलई गांव से मिहीपुरवा की ओर जा रहे एक महिंद्रा बोलेरो पिक-अप वाहन (UP 35 H 6591) को रोककर तलाशी ली। वाहन में भारी मात्रा में अखरोट से भरी 86 बोरियाँ (प्रत्येक 10 किलोग्राम, कुल 860 किलोग्राम) बरामद की गई।पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजगुरु, पुत्र रमाशंकर, उम्र 20 वर्ष, ग्राम व डाकघर सर्रा कलां, जिला बहराइच बताते हुए स्वीकार किया की यह अखरोट नेपाल से अवैध रूप से सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में डंप किया गया था और आगे मिहीपुरवा ले जाया जा रहा था। चालक किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बॉर्डर क्षेत्र में तस्करी की आशंका वैध कागजातों का अभाव तथा आरोपी के कबूल नामे के आधार पर उक्त सामान को कस्टम्स एक्ट, 1962 के प्रावधानों के तहत संदिग्ध तस्करी माल मानते हुए जब्त किया गया। जब्त किए गए अखरोट, वाहन तथा पकड़े गए व्यक्ति को कस्टम्स विभाग, मिहीपुरवा को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु विधिवत रूप से सुपुर्द कर दिया गया है।

# कैसरगंज विद्युत विभाग का सीयूजी नंबर कई हफ्तों से बंद

## .....कोई बड़ी घटना घटित तो आखिर सूचना किसको ?

### कैसरगंज विद्युत विभाग का मामला

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। कैसरगंज टाउन एरिया के लिए स्थापित सीयूजी नंबर 8004917110 जो की कई हफ्तों से लगातार स्विच ऑफ जा रहा है। कैसरगंज जैसे बड़े क्षेत्रफल होने के साथ-साथ नगर पंचायत का दर्जा भी कई सालों से प्राप्त है, लेकिन अगर कस्बे में कहीं भी विद्युत की समस्या पैदा होती है तो उसके लिए स्थापित सीयूजी नंबर कई हफ्तों से लगातार स्विच ऑफ जा रहा है। आखिर इतना संवेदनशील विभाग पर स्थापित कंट्रोल नंबर बंद होने की वजह से कैसरगंज के लोगों को काफी दिक्कत व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कैसरगंज मार्केट में अक्सर आए दिन विद्युत फाल्ट की समस्या बनी रहती है जिसको लेकर कस्बा कैसरगंज व्यवसाय के लोगों को अपनी दुकान बंद करके पावर हाउस जाकर अपनी कंप्लेंन लिखवानी पड़ती है। इस डिजिटल इंडिया के दौर में कैसरगंज विद्युत विभाग का सीयूजी नंबर कई हफ्तों से लगातार बंद है। जिस पर जिम्मेदार अधिकारी बिल्कुल मौन है।

# दहशत का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद

### वन विभाग के हाथ लगी सफलता

**अमन लेखनी समाचार**



शिवपुर, बहराइच। जिले के बल्दूपुरवा में बकरी खाने के लालच में पिंजड़े में फंसा तेंदुआ, इलाके के लोगों ने ली राहत की सांस, वन विभाग ने लगाया था पिंजड़ा। खबर है कि रविवार देर रात करीब 11 बजे खैरीघाट थाना क्षेत्र के बल्दूपुरवा गांव से वन विभाग की टीम ने एक तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया। यह तेंदुआ काफी समय से इलाके में आतंक का पर्याय बना हुआ था, जिसके पकड़े जाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, बल्दूपुरवा क्षेत्र में इस तेंदुए के कारण ग्रामीणों में काफी भय का माहौल था। इसने कई बार पालतू जानवरों पर हमला किया था, जिससे लोग परेशान थे। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। टीम ने गांव के बाहर गन्ने के खेत में एक पिंजड़ा लगाया। तेंदुए को आकर्षित करने के लिए पिंजड़े के अंदर एक बकरी बांधी गई। बकरी को खाने के लालच में तेंदुआ पिंजड़े में दाखिल हुआ और उसमें फंस गया। डिप्टी रेंजर अमित कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए का पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में दी सुरक्षा की जानकारी

## बालिकाएं निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें: संजय कुमार सिंह

**अमन लेखनी समाचार**




बहराइच। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति सचेत करने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विकास क्षेत्र पयागपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा में थानाध्यक्ष पयागपुर संजय कुमार सिंह ने महिला आरक्षियों के साथ विद्यालय की बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। थानाध्यक्ष पयागपुर ने कहा कि सभी बालिकाए निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें यदि कहीं कोई समस्या आती है तो आपके साथ पुलिस हर समय खड़ी है आपको सुरक्षा संरक्षण देना हमारा नैतिक दायित्व है। इस दौरान बालिकाओं को सुरक्षा, संरक्षा हेतु महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, वुमेन हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग हर समय लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा यदि कहीं कोई समस्या आती है तो इसका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में थाना पयागपुर की महिला आरक्षी प्रियंका, रेखा, कांति देवी,शिक्षक दिनेश कुमार अभय राज कार्यकत्री रीना देवी, चंपा देवी, सरिता देवी माया देवी, कुंता देवी,आदि रसोईया महिला अभिभावक व ग्राम प्रधान, विद्यालय समिति अध्यक्ष व सदस्य तथा भारी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल



**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जिले के इमामगंज तटबंध पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर। खबर है कि रविवार रात करीब 8 बजे मोतीपुर थाना क्षेत्र के नौनिहामंडी निवासी ओम प्रकाश यादव पुत्र विनोद यादव अपनी बाइक वढ 40 अश 2548 से रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। तभी खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहा बहरौली तटबंध पर बसंतापुर मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली भी घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूरी पर जाकर पलट गई। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची 112 नंबर के पुलिस ने घायल को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# जमीनी विवाद, कुल्हाड़ी से हमला

## एक ही परिवार के चार लोग घायल, पुलिस जांच में जुटी

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी तहसील, कोतवाली क्षेत्र के तुलापुर कोडरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के सदस्यों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान कुल्हाड़ी से हुए हमले में चार लोग घायल हो गए। घायलों में संतराम, जयश्री, खुशबू और सालमी शामिल हैं, जो आपस में रिश्तेदार हैं। बताया जा रहा है कि खेत की मेड़ को लेकर यह विवाद पिछले सात वर्षों से चला आ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, संतराम खेत देखने पहुंचे थे, तभी परिवार के अन्य सदस्य भी वहां आ गए। पुरानी रंजिश के चलते कहासुनी धक्का-मुक्की में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे चारों लोग घायल हो गए। संतराम को सबसे गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर कुल्हाड़ी छीन ली और घायलों को अलग किया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। संतराम ने आरोप लगाया है कि वह इस मामले में पहले भी कई शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, थाने जाता हूं तो डांटकर भगा दिया जाता है। कार्रवाई होती तो आज ये दिन न देखना पड़ता। अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। मारपीट की घटना में शामिल पक्षों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।भूमि संबंधी जांच के लिए राजस्व विभाग को भी लगाया गया है। राजस्व अधिकारी रविंद्र सिंह ने पुष्टि की कि शिकायत मिल चुकी है और जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खाद न मिलने पर किसानों का प्रदर्शन

### अल्लाहगंज गोदाम पर लंबी कतारें, मदद की दरकार

**अमन लेखनी समाचार**

शाहजहांपुर, जिले के अल्लाहगंज स्थित खाद गोदाम पर किसानों ने खाद न मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान गोदाम के बाहर किसानों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन बाधित हुआ और जाम की स्थिति बन गई। किसानों ने बताया कि वे तक खाद के इंतजार में खड़े रहे, लेकिन उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो पाई। किसानों का आरोप है कि उन्हें निर्धारित मूल्य पर भी खाद नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, खाद की एक बोरी 270 रुपये में बेची जा रही है। हालांकि, पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण किसानों को खाद खरीदने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पुलिस सुरक्षा में खाद का शांतिपूर्ण वितरण

**पिछले विवाद के बाद समिति पर टोकन भी बांटे गए**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर, परौर स्थित साधन सहकारी समिति पर सोमवार को पुलिस बल की मौजूदगी में खाद और टोकन का शांतिपूर्वक वितरण किया गया। यह कदम पिछले दिनों उर्वरक वितरण को लेकर हुए हंगामे और समिति के कर्मचारियों के साथ अभद्रता की घटनाओं के बाद उठाया गया। समिति के अकाउंटेंट चंद्रहास मिश्रा ने किसानों द्वारा गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इन घटनाओं के कारण समिति पर उर्वरक वितरण के दौरान अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती थी। पुलिस की निगरानी में किसानों को लाइन में लगाकर खाद वितरित की गई। जिन किसानों को पहले टोकन मिल चुके थे, उन्हें प्रति हेक्टेयर पांच बोरी खाद दी गई। साथ ही, नए टोकन भी वितरित किए गए, जिनकी खाद अगले दिन बांटी जाएगी। किसानों को यह जानकारी होने के बाद कि समिति कर्मियों से बेवजह उलझने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है, आज खाद और टोकन वितरण का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। यूरिया खाद का वितरण समिति के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अकाउंटेंट चंद्रहास मिश्रा और कर्मचारी अनुज कुमार कुशवाहा के सहयोग से किया गया।समिति के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह और अकाउंटेंट चंद्रहास मिश्रा ने बताया कि समिति पर खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि साधन सहकारी समिति चौकिया की परिधि में आने वाले सभी गांवों के किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने किसानों से संयम बरतने और सहयोग करने की अपील की।

# रेस्टोरेंट की दाल में निकला कीड़ा

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने नमूना जांच को भेजा, किचन में गंदगी मिलने पर दिया नोटिस

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ़, सेंटर प्वाइंट स्थित क्वालिटी रेस्टोरेंट में परोसी गई दाल में कीड़ा निकलने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम रेस्टोरेंट पहुंची। टीम ने दाल का नमूना भरकर लैब जांच के लिए भेज दिया है। साथ ही साफ-सफाई में लापरवाही मिलने पर रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस जारी किया गया है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) दीनानाथ यादव ने बताया कि कुछ ग्राहक लंच के दौरान दाल खा रहे थे, तभी उनमें कीड़ा दिखाई दिया। ग्राहकों ने फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिए। वायरल वीडियो की जानकारी होने पर एफएसओ शिखा श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम क्वालिटी रेस्टोरेंट पहुंची और उसी दाल का नमूना लिया। टीम ने किचन और सर्विंग एरिया का भी निरीक्षण किया। जांच में परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली। किचन में स्वच्छता मानकों के खिलाफ कई खामियां सामने आईं। जिसके बाद विभाग ने तत्काल प्रबंधन को नोटिस थमा दिया और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी। एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) दीनानाथ यादव ने कहा कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस दे दिया है, नमूना जांच के लिए भेज दिया है। कीड़ा निकलना लोगों की सेहत से खिलवाड़ है, जो भी रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने आत्महत्या उकसाने मामले में दो आरोपी पकड़े

### नरसिंहगढ़ पुल के पास से दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




प्रतापगढ़, पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मो0 तौहीद और मो0 मुजीब नामक इन आरोपियों को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत नरसिंहगढ़ पुल के पास से पकड़ा गया। मृतक के पिता का आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री की उसके पति, देवरों, देवरानी, सास-ससुर सहित परिवारजनों ने रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। वादी के अनुसार, मृतका ने एक सप्ताह पूर्व पति एवं देवरानी के अवैध संबंधों की जानकारी दी थी, जिससे पारिवारिक विवाद चल रहा था। पुलिस ने चेकिंग और वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में मो0 तौहीद पुत्र मो0 मुजीब (उम्र करीब 37 वर्ष) और मो0 मुजीब पुत्र बुद्ध (उम्र करीब 55 वर्ष) शामिल हैं। दोनों नरसिंहगढ़, थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ के निवासी हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग महासम्मेलन संपन्न

## विशेषज्ञों ने छात्रों की प्रतिभा, नवाचार और अनुशासन की सराहना की

**अमन लेखनी समाचार**



जिला, मुंशीगंज स्थित इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग महासम्मेलन का सफल समापन हो गया। ₹सीमाओं से परे नर्सिंग अनुसंधान₹ विषय पर आधारित इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए नर्सिंग विशेषज्ञों ने संस्थान के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा, नवाचार क्षमता और अनुशासन की सराहना की। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शोध, भाषण, पोस्टर, पेंटिंग, परियोजना और मॉडल स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राएं न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान मजबूत कर रहे हैं। संस्थान की उच्चस्तरीय शिक्षा, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी फैकल्टी और सुदृढ़ अनुशासन प्रणाली को इसकी प्रमुख विशेषताएं बताया गया। इस आयोजन में देश-विदेश से प्राचार्य, प्रोफेसर, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए। मुख्य वक्ताओं में डॉ. एलिजाबेथ डी. आरोन (मेथोडिस्ट रिचर्डसन मेडिकल सेंटर, यूएसए), डॉ. जस्टिन ओलिवर (किंग सऊद मेडिकल सिटी, रियाद) और डॉ. शैला सेल्वरानी (किंग अब्दुल अजीज यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल, रियाद) प्रमुख रहे। इन विशेषज्ञों ने नर्सिंग अनुसंधान और मिश्रित विधियों के नवाचारी प्रयोगों पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।

## संक्षेप

### रालोद नेता बोले- बाबा साहब की प्रेरणा मार्गदर्शक

**मासिक बैठक में डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर, विचारों को अपनाने का लिया संकल्प**

मेरठ, राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पहले संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद कचहरी स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह खजूरी ने कहा कि बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस हमें उनके विचारों को स्मरण करने और समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज भी उनके सिद्धांत देश को दिशा दिखा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे रकफ में पार्टी पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाए तथा मतदान सूची संशोधन में बूथ स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाए। पूर्व विधायक विनोद हरित ने कहा कि सरकार में आने के बाद पार्टी की जिम्मेदारियां और बढ़ी हैं। अब हर पदाधिकारी जनता के बीच रहकर समस्याओं पर कार्य करेगा। जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ ने बताया कि जिले की अधिकांश विधानसभा और बूथ स्तर पर कमेटियां गठित कर दी गई हैं। बीएलओ के सहयोग से एसआईआर के अंतर्गत बूथों को दुरुस्त करने का अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश महासचिव (संगठन) व प्रवक्ता आतिर रिजवी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में हर वर्ग का हित सुरक्षित है और अल्पसंख्यक समाज का भरोसा तेजी से पार्टी की ओर बढ़ रहा है। जयंत चौधरी द्वारा जिस प्रकार पूरी सांसद निधि खेल विकास कार्यों के लिए समर्पित की गई है आने वाले समय में देश का युवा इसका बेहतर परिणाम देश के लिए देगा।

### वक़्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन

**मेरठ के नागरिकों ने की बढ़चढ़ कर भागीदारी**

मेरठ, परीक्षितगढ़ में वक़्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि पर जन सेवा केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ी। अंतिम तारीख होने के कारण सुबह से ही लोग रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचने लगे। इस दौरान, क्षेत्र में वक़्फ रजिस्ट्रेशन की समय-सीमा तीन महीने बढ़ाने की बात फैल गई। इससे लोगों ने सोचा कि अब उनके पास रजिस्ट्रेशन के लिए पर्याप्त समय है। हालांकि, जब यह स्पष्ट हुआ कि समय-सीमा बढ़ाने के लिए न्यायालय से अनुमति आवश्यक होगी, तो स्थिति बदल गई। यह जानकारी मिलते ही लोग तुरंत अपने दस्तावेज लेकर जन सेवा केंद्रों की ओर भागे। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए केंद्रों पर लंबी कतारें लग गईं और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।दिनभर जन सेवा केंद्रों पर भीड़ बनी रही। केंद्र संचालकों के अनुसार, अंतिम समय में लोगों की संख्या अचानक बढ़ने के बावजूद रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी रही। अकेले परीक्षितगढ़ क्षेत्र में अंतिम दिन 'उम्मीद पोर्टल' पर 50 से अधिक वक़्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन किया गया।

# 175 फुट ऊंचे खंभे पर चढ़ शराबी का हंगामा

## पव्वा पीकर 60 साल के शख्स ने तीन घंटे छकाया, कहा मैं गांधी हूं

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, 60 साल के एक शराबी ने पुलिस को तीन घंटे तक खूब छकाया। कई पव्वा पीने के बाद माता प्रसाद निषाद नाम का शख्स बिजली की हाईटेंशन लाइन के 175 फुट ऊंचे खंभे पर चढ़ गया। फिर जोर जोर चिल्लाने लगा मैं गांधी हूं। कूद जाऊंआ। सुधर जाओ, खनन चालू कराओ। वह चीख चीख कर मत्स्य विभाग के अधिकारियों को बुरा भला कहने लगा। उसकी इस हरकत से ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी पहुंच गए। हर कोई उसका वीडियो बनाने लगा। लोगों ने समझाया लेकिन वह नीचे आने को तैयार नहीं हुआ। अंत में हाईटेंशन लाइन को बंद कराया गया। पुलिस ने डराया, लोगों ने समझाया तब वह नीचे आया। पुलिस ने उसका मेडिकल कराने के बाद घरवालों के साथ भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में भी वह कुछ नहीं बता सका। अत्याधिक नशे में रहने की वजह से पूछताछ नहीं हो सकी। मामला घूरपुर थाना क्षेत्र के बीकर गांव का है। सोमवार शाम माता प्रसाद निषाद ने बिजली के विशाल खंभे पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। कभी वह एक हाथ से खंभा पकड़ लटक जाता। लोग नीचे से चिल्लाते तो हंसता। कोई उसे शोले का धर्मेंद्र करने लगा तो वह बोला मैं गांधी हूं। तुम सब पागल हो। पुलिस को बुलाओ, खनन शुरू कराओ। मछली भी नहीं पकड़ने देते। इसी प्रकार वह उल्टी सीधी बातें करता रहा। भारी भीड़ जुटी तो पुलिस पहुंची। उसे समझाया जाने लगा। पुलिस ने गांव के युवकों को ऊपर चढ़ाने की कोशिश की तो वह कूदने की धमकी देने लगा। करीब तीन घंटे के हंगामे के बाद वह नीचे आया। बीकर गांव के रहने वाले लोगों ने बताया कि शराब के नशे में धुत वह अक्सर ऐसी हरकतें करने लगता है। घूरपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराने के बाद उसे उतारा गया।

उसकी इस हरकत से सभी परेशान रहे। परिवार वालों को बुलाकर उसे भेज दिया गया है।

# थाने के सील मालखाने से लाइसेंसी रिवाल्वर गायब

## बर्खास्त मुंशी पर एफआईआर, 25 लाख गायब करने में जा चुका है जेल

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, नैनी थाने के मालखाने से लाइसेंसी रिवाल्वर गायब होने का मामला सामने आया है। अब थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम ने खुद तहरीर लिखवाकर बर्खास्त पूर्व मालखाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद के खिलाफ 7 दिसंबर को नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं हेड मोहर्रिर 2016 में 25 लाख के गबन में बर्खास्त किया जा चुका है। गायब रिवाल्वर पप्पू उर्फ रहमत अली की थी। जो कि लाइसेंसी थी। इसे साल 2007 में हत्या और गैंगस्टर के मुकदमे में जब्त किया गया था। रिवाल्वर रिलीज करने के लिए प्रयागराज डीएम ने 5 जुलाई 2023 को आदेश दिया। आदेश का पालन न होने पर पप्पू उर्फ रहमत अली ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट दाखिल की। थाना नैनी के मालखाने का चार्ज मौजूदा हेड मोहर्रिर अशोक कुमार यादव को सौंपने के लिए पूर्व में ही एक टीम बनाई गई थी। इसमें सहायक पुलिस आयुक्त करछना अरुण कुमार त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक द्वितीय रिजर्व पुलिस लाइंस प्रवीण कुमार सिंह और नैनी थाना प्रभारी बृजकिशोर गौतम शामिल थे। 3 दिसंबर 2025 को मालखाना खोलने और तलाशी के लिए टीम ने कार्रवाई शुरू की। टीम ने मालखाना खुलवाकर वीडियोग्राफी के साथ तलाशी कराई, लेकिन तलाशी के दौरान रिवाल्वर नहीं मिला। रिवाल्वर नहीं मिलने पर टीम के सदस्य नैनी थाना प्रभारी बृजकिशोर गौतम ने बर्खास्त मुंशी राजेन्द्र प्रसाद से फोन पर बात की। उस दौरान उसने खुद को बीमार बताया और थाने आ पाने में असमर्थता जताई।

# ओटीएस योजना के अंतर्गत 73 उपभोक्ताओं ने जमा किए बिजली बिल



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत ओटीएस योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराते हुए लगभग 73 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किए अवर अभियंता अमित कुमार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत पंजीकृत 73 उपभोक्ताओं से 253000 रुपए की धनराशि जमा कराई गई इस मौके पर भारी संख्या में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण के साथ एसडीसी अमित श्रीवास्तव टीजीटू राम प्रकाश महावीर उर्फ बाबू समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे ।

# शादी का प्रपोजल ठुकराने पर प्रेमिका को मारी गोली

## बिहार से प्रेमी को गिरफ्तार, नोएडा में एक साथ रहते थे; पहले भी आरोपी जा चुका है जेल

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, प्रेमिका को गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह युवती से प्यार करता था और उससे शादी करना चाहता था। जेल से लौटने के बाद उसने अपनी प्रेमिका को प्रपोज किया, लेकिन उसने इनकार कर दिया। इससे वह गुस्से में आ गया और उसने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद वह गुजरात भाग गया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड हासिल किया। इसके बाद उसे नोएडा के थाना फेज-2 लाया गया। पुलिस ने उसके पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली है। घटना थाना फेज-2 क्षेत्र के सेक्टर-137 की है। आरोपी का नाम कृष्ण कुमार है। सोनू नाम की युवती और कृष्णा नोएडा के सेक्टर-137 के एक ऑफिस में पिछले 3 साल से एक साथ काम कर रहे थे। सोनू वहां खाना बनाने का काम करती थी, जबकि कृष्णा ऑफिस का काम करता था। इसी दौरान दोनों की आपस में बातचीत होती रही। अगस्त 2025 में कृष्णा चोरी के एक केस में जेल चला गया। जेल से छूटने के बाद उसने सोनू से दोबारा बात करने की कोशिश की और उसे शादी के लिए प्रपोज भी किया। कृष्णा ने कई बार सोनू को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह शादी के लिए तैयार नहीं हुई। इस बीच कृष्णा बिहार में रह रहा था।

# रटोल में जमीन विवाद बढ़ा

## पीड़ित बोला– न्याय चाहिए, कार्रवाई हो

अमन लेखनी समाचार



बागपत, खेकड़ा तहसील क्षेत्र के रटोल गांव निवासी नसीम ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल से गांव में भूमि हस्तांतरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत की है। उन्होंने शनिवार को इस संबंध में एक शिकायती पत्र सौंपा। नसीम ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ व्यक्तियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर संबंधित भूमि को अपने नाम करवा लिया है। इससे वास्तविक भूमि मालिकों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि यदि शिकायत सही पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सामने आने के बाद रटोल गांव के ग्रामीणों में भी भूमि प्रकरण को लेकर चर्चा बनी हुई है। प्रशासन ने अब दस्तावेजों की जांच और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# जागरूकता शिविर आयोजित

- सरकारी योजनाओं और अधिकारों की मिली जानकारी, पहचान पत्रों के लिए हुए पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार




बागपत, खेकड़ा तहसील में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग ने एक बुनकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। मेरठ के सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के निर्देशन में लगे इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के बुनकरों को सरकारी योजनाओं, उनके अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। शिविर में विभागीय टीम ने बुनकरों को बुनकर पहचान पत्र के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह पहचान पत्र बुनकरों को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है, जिससे वे विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, अनुदानों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आसानी से लाभ उठा सकेंगे। इसी उद्देश्य से शिविर में उपस्थित बुनकरों के फॉर्म मौके पर ही भरवाए गए। कार्यक्रम के दौरान बुनकरों को उनके अधिकारों, वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाओं, तकनीकी उन्नयन योजनाओं और आधुनिक हथकरघा तकनीक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य पारंपरिक बुनकरी को बढ़ावा देना और स्थानीय बुनकरों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में बुनकर उपस्थित हुए और विभाग द्वारा दी गई जानकारी का लाभ उठाया। स्थानीय बुनकरों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं।इस शिविर में बुनकर ,ललिता, साइना,लता आदि शामिल हुई

# फोन हैक कर 8.60 लाख की ठगी

## साइबर ठगों ने नौ ट्रांजैक्शन से क्रेडिट कार्ड खाली किए, जांच जारी

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। रामप्रस्था कॉलोनी निवासी संजय सक्सेना का फोन हैक कर ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड से 8 लाख 60 हजार रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से खरीदारी कर ली। संजय सक्सेना ने पुलिस को बताया कि 28 नवंबर 2025 की सुबह करीब 11 बजे उन्हें वॉट्सऐप पर एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को एसबीआई कार्ड विभाग का कर्मचारी बताया और केवाईसी अपडेट करने के बहाने उनसे मोबाइल स्क्रीन शेयर करने को कहा। स्क्रीन शेयर होते ही कॉल कट गई और संजय का फोन हैक हो गया। कुछ ही मिनटों के भीतर उनके एचडीएफसी और एसबीआई क्रेडिट कार्डों से लगातार नौ ट्रांजैक्शन हुईं। इन ट्रांजैक्शन की रकम 37,999 रुपए से लेकर 1,97,995 रुपए तक थी, जिससे कुल 8,60,878 रुपए की ठगी की गई। संजय सक्सेना के अनुसार, बैंक अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उनके मोबाइल नंबर को कॉल ट्रांसफर पर लगा दिया गया था। इसके कारण बैंक से आने वाली कोई भी अलर्ट कॉल सीधे ठगों तक पहुंच रही थी। उन्होंने तत्काल एयरटेल स्टोर जाकर कॉल ट्रांसफर हटवाया, नया सिम जारी कराया और अपने सभी क्रेडिट कार्ड व बैंक खाते ब्लॉक करवा दिए। गाजियाबाद साइबर पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। तकनीकी टीम ट्रांजैक्शन विवरण, कॉल रिकॉर्डिंग, कॉल ट्रांसफर एक्टिवेशन और आईपी-ट्रेस की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, ठगों ने उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया है और फोन लाइन को हाईजैक करना किसी पेशेवर गिरोह के शामिल होने का संकेत देता है। पुलिस ने संबंधित बैंकों से विस्तृत ट्रांजैक्शन लॉग, लोकेशन, डिवाइस वेरिफिकेशन और केवाईसी कॉल की जानकारी मांगी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि अपराधियों ने सोशल इंजीनियरिंग और कॉल फॉरवार्डिंग तकनीक का उपयोग कर इस वारदात को अंजाम दिया।

# प्रॉपर्टी विवाद में दो पक्षों में झड़प

## 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज, एसीपी बोले– जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, लोनी थाना क्षेत्र में सरपंच गार्डन, निठौरा रोड कॉलोनी में प्लॉट विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच भारी बवाल हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से मारपीट होने लगी और हवाई फायरिंग तक की नौबत आ गई। अचानक हुए इस हंगामे से पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। लोगों ने अपनी दुकानें और घरों के दरवाजे बंद कर लिए। चौकी कस्बा प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार पांडे क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें दो पक्षों में झगड़े की सूचना मिली। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़े हुए हैं। दीवारों पर गोलियों के निशान भी मिले। पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति पर काबू पाया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद पहले से चल रहा था। एक पक्ष प्लॉट पर अपना सामान लेकर कब्जा जमाने पहुंच गया, जिस पर दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इसी बात को लेकर झगड़ा बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। बाद में मामले ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम बना दी गई है और जल्द ही गिरफ्तारियां की जाएंगी।

# 12 करोड़ के फ्राड में 4 गिरफ्तार

## अब तक 35 करोड़ का साइबर फ्राड, 10 राज्यों में दर्ज है 43 शिकायत, चाइना में हैंडलर

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, निवेश के नाम पर 12 करोड़ के साइबर फ्राड में 4 ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके खातों में पैसा ट्रांसफर किया गया था। जांच में पता चला कि अब तक इंवेस्टमेंट के नाम पर ये लोग देश में करीब 35 करोड़ का फ्राड कर चुके है। इनके नाम अर्जुन सिंह, पंकज गुप्ता, रूपेन्द्र पाल और तेजपाल हुई है ये सभी बदायू के रहने वाले है। ये ठग चाइना में बैठे साइबर ठगों को खाता प्रोवाइड करा रहे थे। इनसे मिले खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया। इनके पास से पांच आई फोन मिले है। एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया आरोपी अर्जुन सिंह, पंकज गुप्ता को जनता था। पंकज के कहने पर ही वो रूपेन्द्र और तेजपाल के संपर्क में आया। रूपेन्द्र और तेजपाल स्थानीय लोगों को कमीशन देने के नाम पर उनकी जीसटी, उध्यम प्रमाण पत्र बनवाकर फर्म खुलवाते हैं। फिर उनका करंट बैंक खाता खुलवाते हैं। तेजपाल के कहने पर रूपेन्द्र खाताधारक को अपने साथ मुंबई ले जाते है। फिर अन्य साथियों की मदद से विभिन्न बैंक खातों में घटना से संबंधित धोखाधडी की धनराशि की स्थानांतरित करते है। धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खाते में आई धनराशि का 7 से 10 प्रतिशत नकद तेजपाल अपने पास रख लेता हैं। 03 से 05 प्रतिशत खाताधारकों एवं मीडिएटर को दे देता हैं। जांच में सामने आया कि उक्त गैंग द्वारा लगभग 50 से 60 बैंक खाते धोखाधड़ी में प्रयोग करने के लिए खुलवाएं गए है। ये लोग लगभग 1 साल से साइबर अपराधों में लिप्त है। देश के विभिन्न राज्यों मे इनके विरुद्ध शिकायते दर्ज हैं।

# खेकड़ा तहसील में नेत्रदान शिविर आयोजित

- जिलाधिकारी की पहल पर अधिकारियों ने कराया पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार



बागपत, खेकड़ा खेकड़ा तहसील परिसर में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर एक नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) खेकड़ा, तहसीलदार खेकड़ा, कलेक्ट्रेट प्रभारी और पुलिस अधीक्षक सहित कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नेत्रदान का संकल्प लेते हुए अपना पंजीकरण कराया। शिविर के दौरान नेत्रदान के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने शिविर में उपस्थित सभी इच्छुक प्रतिभागियों के फॉर्म भरवाकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि नेत्रदान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे किसी दिव्यांग व्यक्ति के जीवन में फिर से प्रकाश लौट सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से नेत्रदान के प्रति आगे आने की अपील की। चिकित्सकों ने बताया कि नेत्रदान की प्रक्रिया व्यक्ति की मृत्यु के बाद पूरी की जाती है। मृत्यु के 5 से 6 घंटे के भीतर डॉक्टरों को सूचित करना आवश्यक होता है, ताकि नेत्रों को सुरक्षित रूप से प्राप्त कर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। शिविर में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'नेत्रदान महादान' की भावना को समझते हुए पंजीकरण कराया और समाज सेवा का संकल्प लिया। यह शिविर नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को प्रेरित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ।

## संक्षेप

### देवगांव में क्षेत्र पंचायत बनाएगा नाला, ब्लाक प्रमुख ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

भरूआ सुमेरपुर। देवगांव के वाशिंदों को जल भराव से मुक्ति दिलाने के लिए पत्योरा मार्ग किनारे करीब 50 लाख की लागत से क्षेत्र पंचायत ने नाला निर्माण का कार्य शुरू कराया है। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने विधि विधान के साथ पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया तीन वर्ष पूर्व सुमेरपुर से पत्योरा तक लोनिवि ने आरसीसी मार्ग का निर्माण कराया गया था।इसके बनने से देवगांव के अंदर जल भराव की समस्या खड़ी हो गई थी।लोनिवि के नाला बनवाने से हाथ खड़े कर देने से समस्या गंभीर हो गई थी। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख से समस्या के निदान की गुहार लगाई थी। इस पर ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत के बजट से गांव के सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण में करीब 50 लाख की धनराशि खर्च कर रही है।सोमवार को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने विधि विधान के साथ पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधान जितेंद्र खरे,सिमनौड़ी के पूर्व प्रधान अरुण कुमार सोनकर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### मंडी के एकलौते पार्क में फुटकर व्यापारियों का कब्जा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। नवीन गल्ला मंडी के पार्क में फुटकर गल्ला व्यापारियों के कब्जा जमा लेने से मंडी का एकलौता पार्क दुर्दशा का शिकार है।मंडी कार्यालय के ठीक सामने मंडी का पार्क बना हुआ है। इसमें काफी संख्या में पेड़ पौधे भी है।इस पार्क में गल्ला मंडी के अंदर फट्टा लगाकर खरीददारी करने वाले फुटकर दुकानदारों ने टीन टप्पर डालकर कब्जा कर रखा है। इससे पार्क दुर्दशा का शिकार होक रहा हो कर रह गया है सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से इस पार्क को व्यापारियों के साथ आने वाले किसान भी दुरुपयोग करते हैं और तमाम कूड़ा कचरा फेंककर चले जाते हैं। मंडी सचिव ब्रजेश निगम ने बताया कि उनके पूर्व फुटकर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा था।सभी लाइसेंस जारी है। सभी मण्डी शुल्क अदा करते हैं। मंडी में जगह का अभाव है।इस वजह से उन्हें हटाया नहीं गया है फिलहाल वह इस मामले को देखेंगे।

# सभी का दायित्व है कि समय पर रकफ फॉर्म भरकर अपना योगदान दें : निर्भय सिंह

**'रकफ विशेष जागरूकता अभियान' में बढ़ चढ़कर भागीदारी करे मतदाता।**

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के नगर पंचायत परतावल में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार 'रकफ विशेष जागरूकता अभियान' के अंतर्गत भाजपा नेता प्रेमशंकर उर्फ. निर्भय सिंह एवं चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश मद्धेशिया ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुँचकर व्यापारी बंधुओं एवं आम जनमानस को 'रकफ फॉर्म' भरने हेतु जागरूक किया। भाजपा नेता प्रेमशंकर उर्फ.निर्भय सिंह ने कहा कि 'मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती का आधार है।हर पात्र नागरिक का नाम सही जानकारी के साथ सूची में दर्ज होना आवश्यक है।हम सभी का दायित्व है कि समय पर रकफ फॉर्म भरकर अपना योगदान दें।' परतावल चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश मद्धेशिया ने बताया कि 'पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे रकफ जागरूकता अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया से जोड़ना है।हमारा प्रयास है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे और किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे।' इस दौरान पत्रकार/मीडिया प्रभारी कौशल श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान गणेश पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोहर मद्धेशिया, युवानेता रोशन राजभर, सफाई नायक प्रभारी आनन्द गुप्ता, वरिष्ठ वक्ता बलराम उपाध्याय, शिवम त्रिवेदी अभिषेक त्रिपाठी, कन्हैया साहनी, वशिष्ठ सिंह, अभिषेक त्रिपाठी समेत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गाजीपुर में शाकाहार व नशामुक्ति अपनाने का आह्वाहन

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर के मरदह स्थित सिंगेरा गाँव में आयोजित सत्संग समारोह में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज ने कहा कि सत्संग से बुराइयाँ खत्म होती हैं और विवेक जागृत होता है। उन्होंने बताया कि सत्संग अच्छे-बुरे और पाप-पुण्य का बोध कराता है। महाराज जी अपनी 83 दिवसीय शाकाहार, सदाचार, मद्यनिषेध आध्यात्मिक वैचारिक जन-जागरण यात्रा के तहत सत्संग की पूर्व संध्या पर यहाँ पहुँचे थे।उनके आगमन पर बहनों और माताओं ने पंक्तिबद्ध होकर कलश दीप, पुष्पवर्षा और बैण्डबाजों के साथ भव्य स्वागत किया।पूज्य पंकज जी महाराज ने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें किसी धर्म, मजहब, जाति या व्यक्ति विशेष की निन्दा नहीं की जाती।सत्संग में मालिक से मिलने का प्रेम और प्यार पैदा किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्संग कोई किस्सा, कहानी या कथा वार्ता नहीं है, बल्कि यह प्रभु-प्राप्ति का मार्ग दिखाता है।बाबा जयगुरुदेव के एकमात्र उत्तराधिकारी ने कहा कि लड़ाई-झगड़ा करना इन्सानों का नहीं, बल्कि हैवानों का काम है। उन्होंने इसे अज्ञानता की निशानी बताते हुए कहा कि इनसे केवल नफरत ही मिलती है।महाराज जी ने देश में माँसाहार और नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की।उन्होंने सभी वर्ग, धर्म और जाति के लोगों से शाकाहार अपनाने तथा बुद्धिनाशक नशों के सेवन से परहेज करने की अपील की। उन्होंने चरित्र को मानव धर्म की सबसे बड़ी पूँजी बताते हुए अच्छे संस्कार की शिक्षा और चरित्र उत्थान पर जोर दिया।जयगुरुदेव के संदेश वाहक ने 'अहिंसा परमो धर्मः' पर बल देते हुए मानव-धर्म, मानव-कर्म, मानवीय प्रेम, सत्य, दया, करुणा, उदारता, परोपकार और मानव सेवा जैसे मानवीय गुणों के विकास के लिए जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, गन्ना लदी ट्रॉली ने मारी टक्कर, घर में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद। हरदोई कस्बे में शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई हरदोई पुकार डिजिटल मीडिया चैनल के सोशल मीडिया मैनेजर और विश्व हिंदू परिषद के सोशल मीडिया प्रमुख शिवम विश्वकर्मा (23 वर्ष) की शनिवार रात लगभग 9:40 बजे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब शिवम अपने कार्यालय से घर लोनी चीनी मिल लौट रहे थे प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम आंझी स्टेशन रोड से होकर गुजर रहे थे, जैसे ही वह नोरोजपुर मोड़ के पास पहुंचे, उनकी मोटरसाइकिल की सामने से आ रही गन्ने से लदी ट्राली से जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और शिवम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चोट गहरी होने के कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी शिवम विश्वकर्मा के पिता कन्हैया विश्वकर्मा लोनी चीनी मिल में कार्यरत हैं। घर का इकलौता बेटा होने के कारण इस अप्रत्याशित हादसे ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है। माता-पिता, बहन और अन्य परिजन हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई। परिवार सहित मोहल्ले में मातम पसरा है।शिवम अपने विनम्र व्यवहार, मिलनसार स्वभाव और सोशल मीडिया में दक्षता के लिए जाने जाते थे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था आज घर शव पहुंचते ही कोर मच गया

## डिजिटल हिंसा के बचे16 दिवसीय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम आंगनवाड़ी द्वारा बांटा गया पोषाहार



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। डिजिटल हिंसा जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।यह आयोजन पंचायत घर चंदूपुर में किया गया। समर्थ इंडिया द्वारा आ आयजित कार्यक्रम में समाज सेवी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, आंगनबाडी कार्यकत्री प्रीति निषाद, समूह से रुक्मणि और खुशहाली अड्डा की ममता में महिलाओं ओर किशोरियों को जागरूक किया इस दौरान महिलाओं, युवतियां और युवतियों से चर्चा करते हुए डिजिटल हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। उन्होने बताया कि पासवर्ड मजबुत रखें। अंजान लिंक को न खोले। हर किसी से साथ ओ टी पी शेयर नहीं करे। और न ही पासवर्ड बताए। अपनी व्यक्तिगत प्रोफाइल को हमेशा सुरक्षित रखें। पर्सनल सिंगल फोटो प्रोफाइल शेयर नहीं करे। हर किसी के साथ अपनी लोकेशन शेयर नहीं करे।इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति निषाद द्वारा पोषाहार का वितरण किया। सभी लाभान्वित समुदाय गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, सहित बच्चों को पोषाहार प्रदान किया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में झलकी छात्र छात्राओं की वैज्ञानिक सोच

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज महराजगंज जनपद के राजाबारी में एक्सीलेंस क्लासेज के अध्यक्षता में दिन रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी, क्विज व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने माँ सरस्वती के समझ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जेई पीडब्लूडी वरुण शर्मा, रामहर्ष इंटर कालेज निचलौल संस्थापक प्रबन्धक रामहर्ष शर्मा, प्रधानाचार्य विश्वम्भर पांडेय , समाजसेवी बैजू मद्धेशिया, दिनेश मणि , व बृजलाल स्मारक पी.जी कालेज के प्रधानाचार्य सहित आदर्श बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य जितेंद्र पांडेय रहे।वही मुख्यअतिथियों ने छात्र छात्राओं के द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी व रंगोली प्रतियोगिता की प्रशंसा किया। वही छात्र छात्राओं के द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी वैज्ञानिक सोच की ओर दशार्ती दिखी। वही छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता का हिस्सा बने। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सुरेश कुमार गुप्त , अध्यापक आनंद गुप्ता ने किया। वही डायरेक्टर सुरेश कुमार गुप्त ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी में हॉस्पिटल , फेक्ट्री, किडनी वर्किंग मॉडल आदि रंगोली प्रतियोगिता ने सभी के मन को मोह लिया। अतिथियों ने प्रदर्शनी व रंगोली प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। वही आल टॉपर शैलजा को साईकिल दिया गया । वही 12 वीं कक्षा टॉपर खुशी गोंड को साईकिल दिया गया । वहीं 10 वी कक्षा टॉपर आर्यन कसौधन को साइकिल दिया गया । वहीं 10 वीं कक्षा के दूसरा स्थान अनिशा व तृतीय स्थान रविकिशन व माया पटेल को गिफ्ट दिया गया ।12 वीं कक्षा के दूसरा स्थान कुमकुम साहनी, तृतीय स्थान अभिषेक निषाद को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। वही कुल 85 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## महान क्रांतिकारी भाई परमानन्द की पुण्यतिथि पर किये श्रद्धासुमन अर्पित

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महान क्रांतिकारी भाई परमानन्द की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भाई परमानन्द बलि पथ के अडिग राही थे, इनके देश के प्रति योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। इनका जन्म 4 नवंबर 1876 को झेलम पंजाब में ताराचंद और मथुरा देवी के घर हुआ था। ये योद्धा, लेखक और समाजनिष्ठ थे। देश के क्रांतिकारी आन्दोलन को इन्होंने आधार प्रदान किया। शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल जैसे युवा क्रांतिकारी के यह प्रेरणा स्त्रोत थे। इनकी भारत का इतिहास, वीर बन्दा वैरागी और मेरी आप बीती जैसी कृतियां प्रसिद्ध है। देश की आजादी के समय भारत विभाजन से दुखी होकर ये कमजोर हो गये और इसी चिंता में 8 दिसम्बर 1947 को इनका निधन हो गया था। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, भोलू सिंह, विकास, रामनरायन सोनकर, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## सतगुरु सेवा ट्रस्ट व पहाड़ी देव बाबा शिव धाम में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

कुरारा,हमीरपर कस्बा कुरारा में सदुरु सेवा ट्रस्ट व पहाड़ी देव बाबा शिव धाम समिति शंकरपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में दो सौ लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया ।जिसमें 120 लोगो को परीक्षण के बाद मोतियाबिंद व अन्य नेत्र संबंधी बीमारी के चलते इलाज के लिए चित्रकूट अस्पताल भेजा गया। तथा चश्मा व आई ड्रॉप वितरण किया गया। तथा 35 लोगो के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए।इस अवसर पर समाजसेवी गणेश तिवारी, प्रदुम्न सिंह, पिंटू सिंह, ने मौजूद रहकर सहयोग किया।

## मढली माई मंदिर में चल रहे 31 वा शतचंडी महायज्ञ में अंतिम दिन रामलीला लक्ष्मण परशुराम संवाद का आयोजन हुआ

अमन लेखनी समाचार



मौदहा, हमीरपुर। इचौली स्थित मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में चल रहे 31 शतचंडी महायज्ञ में अंतिम दिन रामलीला महोत्सव में सोमवार को धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का जीवंत मंचन किया गया। रात भर चले मंचन में परशुराम-लक्ष्मण के ऊंचे स्वर गाँव में गूंजते रहे।

रामलीला मंडली चित्रकूट के कलाकारों ने रामलीला मंचन की शुरूआत से पूर्व भारत माता गीत गाकर झांकी पेश की। उसे देखकर दर्शक मोहित हो गये। कार्यक्रम में माता सीता के स्वयंवर की तैयारी शुरू हो गयी। राजा जनक ने दूर दूर के राजाओं को आमंत्रण दिया। राजा महाराजाओं ने भागीदारी कर सीता माता के साथ विवाह करने की इच्छा जाहिर की। लेकिन माता से विवाह करने के लिए कोई भी राजा, महाराजा धनुष तोड़ना तो दूर उसे हिला भी नहीं सका। गुरु की आज्ञा लेने के बाद भगवान श्रीराम ने जैसे ही धनुष तोड़ा वैसे ही रामलीला प्रांगण में बैठे दर्शकों ने तालियां बजायी और जय श्री राम के नारे लगाये। शहनाई वादन होने लगी तथा स्त्रियां मंगल गीत गाने लगीं और राम सीता का विवाह हुआ। धनुष टूटते ही परशुराम जी आये और क्रोधित होते हुये धनुष तोड़ने वाले के बारे में पूंछा। तो नाराज लक्ष्मण का उनसे संवाद हो गया। लक्ष्मण परशुराम संवाद देरशाम तक चला इस मंचन को देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

# मोहनीश अग्रवाल बने अखिल भारतीय व्यापार मंडल के गुरसराय नगर अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय ।मोहनीश अग्रवाल को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का गुरसराय नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर व्यापारियों में खुशी ।की लहर दौड़ पड़ी व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया ।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संदीप बंसल के निर्देश पर बुन्देलखण्ड प्रभारी सुशील गुप्ता के अनुमोदन पर मऊरानीपुर निवासी मनीष गुप्ता को ग्रामीण क्षेत्र का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने मोहनीश अग्रवाल को गुरसराय के नगर अध्यक्ष के दायित्व की घोषणा की। इस अवसर पर बुन्देलखण्ड प्रभारी सुशील गुप्ता ने कहा कि संगठन व्यापारियों के रीढ़ की हड्डी होती है। व्यापारियों के हितों के लिए संगठन सदैव तत्पर रहते हुये उनके साथ किसी तरह के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगा। गुरसराय नगर के नगर अध्यक्ष मोहनीश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों के लिए 24 घंटा सेवा में तत्पर रहेंगे एवं व्यापारियों की तन मन धन से सेवा करेंगे एवं व्यापारियों के हित की लड़ाई पूरी ताकत और ईमानदारी से लड़ी जाएगी और कहा कि संगठन की गतिविधियों को गति देकर संगठन की मजबूती प्रदान करना प्रत्येक पदाधिकारी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुनील सिंह चौहान बुंदेलखंड सह प्रभारी सुनील जैन , व्यापारियों में रवि जैन काजू नीखरा मिलाप जैन हैप्पी अग्रवाल गौरी गुप्ता राम जी अग्रवाल अभय प्रताप छोटू ठाकुर विजय सिंह कमलेश महाराज मुन्नी आशीष अरुण अग्रवाल मोनू तपा राजू सोलंकी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों पर जान लेवा हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफतार

अमन लेखनी समाचार



कुरारा,हमीरपुर थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में दो दिसंबर को पुलिस कर्मी जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपी महिलाओं सहित एक पुरुष आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वही एक महिला के निशान देही पर हाथ पैर बांधने वाली रस्सी बरामद की है। क्षेत्र के उमराहट गांव में दो दिसंबर को पुरवा में झगड़े की शिकायत पर गए पुलिस कर्मी के साथ दबंगों ने जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया था।तब से कानपुर में सिपाही आशीष मौर्या जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। अभी उसकी हालत में सुधार नहीं हो पा रहा है थान पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। आज रस्सी से आशीष के हाथ पैर बांधने वाली महिला श्याम कली पत्नी दुर्गा उर्फ दुर्गा चरण को महिला पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी निशान देही पर एक अदद रस्सी बरामद की गई। इसके अतिरिक्त उर्मिला पत्नी रामप्रकाश, निवासी हरदौली थाना सजेती जनपद कानपुर हाल निवासी उमराहट,बंदना पत्नी सुरेश निषाद, उमराहट, पुष्पा पत्नी शैलेंद्र पुत्री दुर्गा उर्फ दुर्गाचरण, निवासी सिमरा थाना कुरारा हाल मुकाम उमराहट , तथा रमाकांत पुत्र पंचम को पुलिस ने खेत से गांव के बाहर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज, उपनिरीक्षक अशर्फी लाल , अजय वर्मा,तथा कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कौशल झा,अभिषेक कुमार, आकाश पटेल, तथा महिला कांस्टेबल ऋचा यादव, खुशबू मौजूद रहे।

# अभिभावकों ने अध्यापकों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर बच्चों को अपमानित करने का आरोप लगाया

अमन लेखनी समाचार

मौदहा(हमीरपुर) बच्चों की शिकायत अभिभावकों ने अध्यापकों पर जातिसूचक शब्दों को प्रयोग कर बच्चों को अपमानित करने का आरोप लगा है। छात्रों ने बताया कि अध्यापक काले को शेषनाग व गोरे को भूरा कहकर संबोधित करते हैं जिसके बाद अभिभावकों ने विद्यालय पहुंच अध्यापकों से जातिवाद और बच्चों से अपनी गाड़ियां साफ करने का आरोप लगाया मौदहा विकास खण्ड क्षेत्र के सिलौली गांव स्थित कम्पोजिट जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में सोमवार को सुबह अपने बच्चों के साथ अभिभावक पहुंच कर प्रधानाध्यापक रामलखन सोनी से बहस करते हुए आरोप लगाया कि आप लोग स्कूल में पढ़ाई तो कराते नही और बच्चों से अपनी गाड़ी साफ कराते हैं वही बच्चों से जाति पूंछकर उनके साथ भेदभाव व मारपीट करते है इस पर प्रधानाध्यापक ने कहा यह सब आरोप गलत है मामला बढ़ता देख स्कूल प्रशासन सकते में आ गया। सूचना पाकर मौके पर नायब तहसीलदार सत्यप्रकाश व पुलिस पहुंच कर अभिभावकों से कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। वहीं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम पत्र लिखकर नायब तहसीलदार को सौप तीनो विवादित अध्यापक रामलखन सोनी प्रधानाध्यापक, हरिमोहन गुप्ता, व राजकुमार को यहां से हटाया जाए ,क्योकि ये तीनो विद्यालय का माहौल खराब किये है स्कूल में अध्यापक जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अक्सर अपमानित किया करते हैं।

ग्राम प्रधान देवीचरण ने बताया कि जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में पठन-पाठन का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है यहां के अध्यापक जातिगत राजनीतिक करते हुए बच्चों के साथ भेदभाव करते हैं शिक्षा का माहौल बिगाड़ कर गुडबाजी में व्यस्त रहते हैं भविष्य दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा है जो समाज में चिंता का विषय बना गया है इसी वजह से आज सैकड़ो की तादाद में और अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में आकर अपने अपने बच्चों की शिकायत अधिकारियों की उपस्थिति में बताया है।

# महाभारत बोध परीक्षा का सफल आयोजन

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद,हरदोई। महाराजा सुहेलदेव जनसेवा न्यास के तत्वावधान में ह्लमहाभारत बोध परीक्षाह्व का सफल आयोजन विश्व हिन्दू परिषद, शाहाबाद की ओर से नगर अध्यक्ष शुभम बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धर्म और महाकाव्य ह्लमहाभारतह्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं उनके नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाना रहा। परीक्षा एस.डी. जनता इंटर कॉलेज, मोहल्ला बजरिया, शाहाबाद में आयोजित की गई, जिसमें कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त मुस्ताक खां पब्लिक स्कूल, मोहल्ला मौलागंज में भी परीक्षा आयोजित हुई, जहाँ 30 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जबकि 6 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा संचालन में शुभम वाजपेई का विशेष योगदान रहा। साथ ही परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में अध्यापक आकाश मिश्रा जी, विद्यार्थी परिषद प्रमुख पियूष शुक्ला तथा कलश मिश्रा जी की सक्रिय भूमिका रही। इनके समर्पण और मार्गदर्शन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। विश्व हिन्दू परिषद शाहाबाद द्वारा आयोजित यह प्रयास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक सराहनीय पहल है। स्थानीय जनमानस एवं अभिभावकों द्वारा भी इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

# सद्भावना यात्रा में उमड़े लोग, बाबा साहब को किया नमन

अमन लेखनी समाचार

बस्ती / बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन जारी है।सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। समाजसेवी रंजीत आजाद के संयोजन में नगर पंचायत बनकटी के बौद्ध बिहार से पैदल मार्च कर हजारों देईसाड़ अम्बेडकर पार्क तक सद्भावना यात्रा निकाली । सभासद ऋषि राज मुनि ने हरी झण्डी दिखाकर सदभावना यात्रा को रवाना किया। नगर पंचायत बनकटी क्षेत्र के युवा समाजसेवी रंजीत आजाद ने बताया कि सद्भावना यात्रा में खैराटी, कथरूआ, रौता, वैजीपुर, बरोहिया कला, देईसाड़, सजनाखोर, महादेवा के साथ ही अनेक क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। हाथों में संविधान की प्रतियां लिये हजारों लोग 'बाबा साहब अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा साहब का नाम रहेगा ' आदि नारा लगा रहे थे। देईसाड़ अम्बेडकर पार्क में सभा के बाद बनकटी बौद्ध बिहार में भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में ऋषिराज, लाल बिहारी गौतम, कुलदीप कुमार, दिनेश आजाद, अमरजीत आर्य, अजय, राजेन्द्र प्रसाद, दिनेश कुमार, उदयराज, अजीत कुमार, अरविन्द, अमरेन्द्र राठौर, सचिन प्रताप, शनिराव, राम रूप, अजय आजाद, अक्षय, विकास कुमार, भूमिधर, राजाराम बौद्ध, धर्मेन्द्र त्यागी, सूरज कुमार आदि ने योगदान दिया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।

# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने बिलट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता** : रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

